RSMSSB

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# राजस्थान CET 2024

## स्नातक स्तर हेतु (FOR GRADUATION LEVEL)

## समान पात्रता परीक्षा

**10 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स**

**10 OMR शीट सहित**

- संपूर्ण सिलेबस पर आधारित टेस्ट पेपर्स
- विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार
- सभी पेपर्स का व्याख्या सहित हल



मॉडल पेपर्स का व्याख्यात्मक हल
लक्ष्य क्लासेज के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध

YouTube

**MRP: ₹220**

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

**लक्ष्य क्लासेज**™

M. 6376957258, 6376491126
Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...



प्रिय विद्यार्थियों..........

आपके समक्ष राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB) द्वारा आयोजित राजस्थान समान पात्रता परीक्षा (स्नातक स्तर) की मॉडल पेपर पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस पुस्तक में राजस्थान CET परीक्षा के सम्पूर्ण नवीनतम पाठ्यसामग्री पर आधारित मॉडल टेस्ट पेपर्स दिए गए हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों की आगामी परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है।

यह Model Test पेपर्स पूर्णतः परीक्षा पैटर्न पर आधारित है, जिसके तहत भारत एवं राजस्थान का इतिहास, भारत एवं राजस्थान का भूगोल, भारत एवं राजस्थान की राजव्यवस्था, भारत एवं राजस्थान की अर्थव्यवस्था, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता, कम्प्यूटर और समसामयिकी से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संकलन किया गया है। इस पुस्तक को विषय विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट अनुभव व कौशल से तैयार किया हैं। आप इस प्रैक्टिस पेपर्स बुकलेट के माध्यम से परीक्षा के पैटर्न को समझ सकते हैं और अपनी तैयारी के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार कर सकते हैं।

इस पुस्तक में कुल 10 मॉडल पेपर्स व्याख्यात्मक हल के साथ दिए गए हैं। इसके साथ ही 10 OMR SHEETS भी दी गई है जिनके माध्यम से आप परीक्षा पूर्व परीक्षा का बेहतर अभ्यास कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि इस Model Test पेपर्स पुस्तक की सहायता से आप परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर सकें।

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तक राजस्थान CET प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है।

लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

आनंद अग्रवाल
निदेशक, लक्ष्य क्लासेज

# विषय - वस्तु


| क्रम संख्या | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 1 | 1 - 23 |
| 2. | मॉडल पेपर - 2 | 24 - 44 |
| 3. | मॉडल पेपर - 3 | 45 - 67 |
| 4. | मॉडल पेपर - 4 | 68 - 90 |
| 5. | मॉडल पेपर - 5 | 91 - 112 |
| 6. | मॉडल पेपर - 6 | 113 - 132 |
| 7. | मॉडल पेपर - 7 | 133 - 154 |
| 8. | मॉडल पेपर - 8 | 155 - 175 |
| 9. | मॉडल पेपर - 9 | 176 - 195 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 196 - 214 |

# मॉडल पेपर - 01

**1. भाखड़ा नांगल बहुउद्देशीय परियोजना का संबंध किस राज्य से नहीं है?**
(a) पंजाब
(b) हरियाणा
(c) हिमाचल प्रदेश
(d) राजस्थान

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित है?**

| झीलें | अवस्थिति |
|---|---|
| (a) नक्की | मध्य प्रदेश |
| (b) लोनार | गुजरात |
| (c) कोलेरू | आंध्र प्रदेश |
| (d) पुलिकट | केरल |

**3. अमरकंटक पर्वत चोटी से किन दो नदियों का उद्गम होता है?**
(a) नर्मदा व सोन
(b) नर्मदा व ताप्ती
(c) रामगंगा व गोमती
(d) महानंदा व गोदावरी

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा दर्रा हिमाचल प्रदेश में नहीं है?**
(a) बारालाचला
(b) रोहतांग
(c) शिपकीला
(d) बनिहाल दर्रा

**5. रुद्रप्रयाग किन नदियों के संगम पर अवस्थित है?**
(a) मंदाकिनी और अलकनंदा
(b) नंदाकिनी और अलकनंदा
(c) धौलीगंगा और अलकनंदा
(d) भागीरथी और अलकनंदा

**6. जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र का वह भाग जो अनुसंधान व शोध हेतु आरक्षित रहता है-**
(a) कोर क्षेत्र
(b) संक्रमण क्षेत्र
(c) बफर क्षेत्र
(d) उपर्युक्त सभी

**7. भारत में 'श्री हरिकोटा द्वीप' किस झील पर स्थित है?**
(a) बेम्बनाड़ झील
(b) पुलिकट झील
(c) चिल्का झील
(d) कोलेरु झील

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असंगत है?**

| दर्रा | राज्य |
|---|---|
| (a) लिपुलेख दर्रा | i. उत्तराखंड |
| (b) नाथुला दर्रा | ii. सिक्किम |
| (c) रोहतांग दर्रा | iii. हिमाचल प्रदेश |
| (d) बोमडीला दर्रा | iv.जम्मू-कश्मीर |

**9. 'पूसा सिंधु गंगा' किस फसल की एक किस्म है?**
(a) धान
(b) मसूर
(c) चना
(d) गेहूँ

**10. सरदार सरोवर परियोजना से लाभान्वित होने वाले राज्य हैं-**
(a) गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान
(b) आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र
(c) ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात एवं महाराष्ट्र
(d) मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र

**11. निम्नलिखित में से पूर्वी मैदानी प्रदेश का संबंध किससे है?**
(a) सिंधु का मैदान
(b) गंगा का मैदान
(c) ब्रह्मपुत्र का मैदान
(d) इनमें से कोई नहीं

**12. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-**

| मण्डी | - | क्षेत्र |
|---|---|---|
| (a) लाल मिर्च | - | जोधपुर |
| (b) किन्नू | - | अलवर |
| (c) इसबगोल | - | भीनमाल |
| (d) लहसुन | - | बाराँ |

**13. सूची-I को सूची-II से सही सुमेलित कीजिए –**

| सूची-I (अभयारण्य) | सूची-II (जिला) |
|---|---|
| (A) वन विहार | (i) प्रतापगढ़ |
| (B) सीतामाता | (ii) जयपुर |
| (C) जमवारामगढ़ | (iii) कोटा |
| (D) जवाहर सागर | (iv) धौलपुर |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | ii | iii | i | iv |
| (b) | ii | iv | iii | i |
| (c) | iv | i | ii | iii |
| (d) | iv | i | iii | ii |

**14. मरु विकास कार्यक्रम में राज्य व केन्द्र की साझेदारी कितनी है?**
(a) 70 : 30
(b) 25 : 75
(c) 30 : 70
(d) 60 : 40

**15. रिडकोर (RIDCOR) का पूरा नाम है-**
(a) राजस्थान इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(b) रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान
(c) राजस्थान इन्डस्ट्रीयल डवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(d) रोड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ राजस्थान

**16. राज्य के किस भाग में एण्टीसोल मृदा पाई जाती है?**
(a) उत्तरी-पूर्व
(b) दक्षिणी-पूर्व
(c) उत्तर-पश्चिम
(d) दक्षिण-पश्चिम

**17. बनास नदी पर स्थित तीन त्रिवेणी संगमों में से एक युग्म असंगत है बताइए-**
(a) बनास-बेड़च-कोठारी
(b) बनास-सीप-चम्बल
(c) बनास-खारी-डाई
(d) बनास-बेड़च-मेनाल

**18. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) बंधबारेठा बाँध | (i) कोठारी नदी |
| (B) ईसरदा बाँध | (ii) सूकड़ी नदी |
| (C) मेजा बाँध | (iii) बनास नदी |
| (D) बाकली बाँध | (iv) कुकुन्द नदी |

**कूट:-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | iv | iii | i | ii |
| (b) | i | ii | iii | iv |
| (c) | iv | iii | ii | i |
| (d) | ii | iii | i | iv |

**19. राजस्थान में "छप्पन का मैदान" किस नदी के बेसिन में स्थित है?**
(a) माही
(b) चम्बल
(c) बनास
(d) लूनी

**20. राज्य की प्रथम निजी क्षेत्र की लिग्नाइट आधारित परियोजना कौन-सी है?**
(a) गुढ़ा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट
(b) बाँसवाड़ा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट
(c) कालीसिंध सुपर थर्मल पॉवर प्लांट
(d) कवई सुपर थर्मल पॉवर प्लांट

**21. 2001-2011 के दशक में राजस्थान के किस जिले की जनसंख्या वृद्धि दर न्यूनतम थी?**
(a) गंगानगर
(b) बूँदी
(c) पाली
(d) झुन्झुनूँ

**22. राजस्थान में किस शहर को 'ग्रेनाइट सिटी' के नाम से भी जाना जाता है?**
(a) जालोर
(b) जैसलमेर
(c) जोधपुर
(d) जयपुर

**23. राजस्थान में चौथी बाघ परियोजना के रूप में किसे मान्यता दी गई है?**
(a) रामगढ़ विषधारी अभयारण्य
(b) मुकुन्दरा हिल्स अभयारण्य
(c) रणथम्भौर अभयारणय
(d) सरिस्का अभयारण्य

**24. निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है -**
(a) फ्लोरीकल्चर – फूलों की कृषि
(b) एपीकल्चर – मधुमक्खी पालन
(c) विटीकल्चर – समुद्री जीवों का उत्पादन
(d) पीसीकल्चर – मछली पालन की क्रिया

**25. रॉक फॉस्फेट सर्वाधिक किस खान से निकाला जाता है?**
(a) रामपुरा आगुचा
(b) चौथ का बरवाड़ा
(c) नाथरा की पाल
(d) झामर कोटड़ा

**26. कर्क रेखा राजस्थान के किन जिलों से होकर गुजरती है?**
(a) डूँगरपुर, प्रतापगढ़
(b) डूँगरपुर, उदयपुर
(c) बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़
(d) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा

**27. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-**
(a) जाखम परियोजना – प्रतापगढ़
(b) भीखा भाई सागवाड़ा परियोजना – डूँगरपुर
(c) नंद-समंद परियोजना – राजसमंद
(d) भीमसागर परियोजना – कोटा

**28. मुकन्दरा पहाड़ियाँ स्थित हैं-**
(a) हाड़ौती पठार में
(b) भोराट पठार में
(c) अरावली पहाड़ियों में
(d) छप्पन में मैदानों में

**29. सोम-कमला-अंबा परियोजना का किस जिले में स्थित है?**
(a) उदयपुर
(b) चित्तौड़गढ़
(c) डूँगरपुर
(d) राजसमंद

**30. राणा प्रताप सागर बाँध किस नदी पर स्थित है?**
(a) बनास
(b) चम्बल
(c) बेड़च
(d) कोठारी

**31. शब्द 'VICTORY' के सभी स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके बाद के चौथे अक्षर द्वारा तथा प्रत्येक व्यंजन को उसके बाद के तीसरे अक्षर द्वारा प्रतिस्थापित किया जाए, तो वह शब्द किस प्रकार लिखा जाएगा?**
(a) YNFWSUB (b) YMGWSUB
(c) YMFWSUB (d) YMFVSUB


**32. यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'MNOP' को 'MGED' लिखा जाता है, तो 'STUX' को क्या लिखा जाएगा?**
(a) RIGF
(b) JIGF
(c) TJGF
(d) SJGF

**33. पेड़ों की एक पंक्ति में एक पेड़ बाएँ छोर से 7वाँ है तथा दाएँ छोर से 14 वाँ है। पंक्ति में कुल कितने पेड़ हैं?**
(a) 17
(b) 21
(c) 20
(d) 25

**34. R, P के उत्तर-पश्चिम में व T के उत्तर में हैं S, T के उत्तर-पूर्व में व Q के उत्तर में है L, T व Q के पश्चिम में है। S, P व T सम रेखा में है बताओ L से दूरतम कौन हो सकता है?**
(a) R
(b) P
(c) T
(d) S

**35. यदि B की माता A हो, A का बेटा C है, E का भाई D है, B की बेटी E है, तो D की दादी कौन है?**
(a) A (b) B
(c) C (d) D


**36. लुप्त संख्या क्या होगी ?**





(a) 306 (b) 278
(c) 141 (d) 300

**37. निम्नलिखित प्रश्न आकृतियों में एक शृंखला लुप्त है। दिए गए विकल्पों से उस आकृति को चुनिए, जो शृंखला को पूर्ण करेगी।**

**प्रश्न आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**





**38. उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति की बिल्कुल सही प्रतिकृति होगी, जबकि दर्पण xy पर रखा हो?**

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

**निर्देश : (39-40) नीचे दी गई जानकारी का अधययन कर इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
**1. P, Q, R, S, T, U और V केन्द्र की ओर मुख किए एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं।**
**2. P, T और S के बीच में है।**
**3. U, Q और V के बीच है।**
**4. Q, T के दाएँ को दूसरा है।**

**39. V ____________ है?**
(a) P और U के बीच में
(b) U के तुरन्त बाएँ
(c) T के बाएँ को चौथा
(d) P के बाएँ को दूसरा

**40. R का स्थान कौन-सा है?**
(a) Q और T के बीच में
(b) T के तुरन्त बाएँ
(c) Q के दाएँ को दूसरा
(d) इनमें से कोई नहीं

**41. यदि x : y = 2 : 3 है, तो (5x + 3y) : (5x – 3y) का मान ज्ञात कीजिए-**
(a) 19 : 3
(b) 19 : 2
(c) 9 : 1
(d) 19 : 1

**42. रेनू का व्यय, उसकी बचत से 120% अधिक है। यदि उसकी आय और व्यय में क्रमश: 25% और 30% की वृद्धि हो जाए, तो उसकी बचत में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?**
(a) 12% (b) 15%
(c) 14% (d) 16%

**43. गोपाल ने एक गाय 500 रु. में खरीदकर 550 रु. में बेच दी तो बताइए गोपाल को कितने रुपये तथा कितने प्रतिशत का लाभ हुआ?**
(a) 10% (b) 15%
(c) 16% (d) 12%

**44. एक बैंक की उधार देने की दर प्रथम 4 वर्षों के लिए 6% है। अगले 5 वर्ष के लिए 4% है तब इसके बाद की दर 10% है। व्यक्ति 10 वर्ष में बैंक को कुल 38,500 रु. अदा करता है, उधार ली गई राशि कितनी है?**
(a) 30000 रु.
(b) 20000 रु.
(c) 25000 रु.
(d) 28000 रु.

**45. एक समकोण त्रिभुज में, ज्यामितिय आधार से लम्ब 4 सेमी. बड़ा है और कर्ण उससे 4 सेमी. बड़ा है, कर्ण की लम्बाई की गणना कीजिए-**
(a) 12 सेमी.
(b) 10 सेमी.
(c) 20 सेमी.
(d) 8 सेमी.

**46. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) ऑडियोग्राम | (1) हृदय |
| (B) ई.सी.जी | (2) मस्तिष्क |
| (C) ई.ई.जी | (3) कान |
| (D) मैमोग्राम | (4) वक्ष |

**कूट :**
(a) A-1, B-2, C-3, D-4
(b) A-2, B-1, C-3, D-4
(c) A-4, B-3, C-2, D-1
(d) A-3, B-1, C-2, D-4

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -**
**(1) मानव शरीर में यकृत वसा के पाचन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**
**(2) यकृत दो महत्त्वपूर्ण वसा-पाचक एंजाइम उत्पन्न करता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न तो 2

**48. बीटी कपास में कीटनाशक के रूप में एक प्रकार का होता है-**
(a) प्रोटीन
(b) लिपिड
(c) कार्बोहाइड्रेट
(d) विटामिन

**49. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्त्व स्टेनलेस स्टील में नहीं पाया जाता है?**
(a) निकेल
(b) टंगस्टन
(c) क्रोमियम
(d) आयरन

**50. हिमोपोइसिस है-**
(a) परिसंचरण तंत्र का अध्ययन
(b) रूधिर के निर्माण की प्रक्रिया
(c) प्रतिरक्षा तंत्र की नियमन की प्रक्रिया
(d) रूधिर को जमने से रोकने की प्रक्रिया

**51. शरीर में अतिरिक्त ग्लूकोज, ग्लाइकोजन में परिवर्तित होकर भंडारित रहता है-**
(a) आमाशय में
(b) यकृत में
(c) अग्न्याशय में
(d) पित्त में

**52. इनमें से कौन-सा एंजाइम निष्क्रिय ट्रिप्सिनोजन को सक्रिय ट्रिप्सिन में बदलता है?**
(a) इरेप्सिन
(b) एंटेरोकाइनेस
(c) आर्जिनेस
(d) माल्टेज

**53. ऑक्सी-ऐसीटिलीन ब्लो पाइप (Oxy-acetylene torch) में धातुओं की वेल्डिंग (welding of metals) में उपयोग किया जाता है-**
(a) एथिलीन
(b) ऐल्केन
(c) ऐसीटिलीन
(d) ऐल्कीन

**54. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और मैप माई इंडिया ने किस पोर्टल को प्रारंभ करने के लिए आपस में भागीदारी की है?**
(a) सरल
(b) पहल
(c) भुवन
(d) शुभम

**55. जाइमोजन तथा चीफ कोशिकाएँ स्रावित करती हैं-**
(a) HCl
(b) म्यूकस
(c) पेप्सिन
(d) ट्रिप्सिन

**56. भारत में सुपर कम्प्यूटर के जनक माने जाते है-**
(a) डॉ. जी सतीश रेड्डी
(b) कैलासवटिक शिवन
(c) डॉ. विजय पांडुरंग भटकर
(d) सतीश धवन

**57. प्रकाशिय स्त्रोत द्वारा कागज पर लिखे अक्षर को पढ़ने की तकनीक क्या कहलाती है?**
(a) ऑटिकल मार्क रीडर
(b) ऑप्टिकल करैक्टर रीडर
(c) ऑप्टिकल करैक्टर रिकॉग्निशन
(d) ऑप्टिकल कार्ड रीडर

**58. ऐसा मॉनिटर जो RGB विकिरणों के संयोजन के रूप में आउटपुट को प्रदर्शित करता है, वह........मॉनिटर कहलाता है।**
(a) ग्रे-स्केल-मॉनिटर
(b) मॉनोक्रोम मॉनिटर
(c) कलर मॉनिटर
(d) प्लाज़्मा मॉनिटर

**59. E-mail की सुविधा प्रदान करने वाला Protocol है-**
(a) FTP
(b) SMTP
(c) TELNET
(d) TCP/IP

**60. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) 1 KB = 10000 बाइट्स
(b) 1 MB = 100 किलोबाइट्स
(c) 1 KB = 1024 बिट्स
(d) 1 MB = 1024 किलो बाइट्स

**61. गाँधी-इरविन पैक्ट कब हुआ था?**
(a) वर्ष 1930 में
(b) वर्ष 1931 में
(c) वर्ष 1932 में
(d) वर्ष 1933 में

**62. व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत कब हुई थी?**
(a) 15 अक्टूबर, 1940
(b) 17 अक्टूबर, 1940
(c) 16 नवम्बर, 1939
(d) 20 अक्टूबर, 1940

**63. 1857 के विद्रोह के समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री कौन था?**
(a) चर्चिल
(b) पॉमर्स्टन
(c) एटली
(d) पेथिक लॉरेंस

**64. निम्नलिखित में से त्रि-पक्षीय संघर्ष में भाग लेने वाला प्रथम राष्ट्रकूट शासक था-**
(a) ध्रुव प्रथम
(b) कृष्ण प्रथम
(c) गोविन्द तृतीय
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65. पानीपत के तृतीय युद्ध में मराठा सेना का सेनापति कौन था?**
(a) नाना फड़नवीस
(b) बाजीराव
(c) बाजीराव द्वितीय
(d) सदाशिव राव भाऊ

**66. पत्रकारिता का भीष्म पितामह किस कहा जाता है**?
(a) पंडित झाबरमल शर्मा (b) हरिविलास शारदा
(c) मुनिजिन (d) विजयसिंह पथिक

**67. रणथम्भौर दुर्ग में '32 खंभों की छतरी' का निर्माण किसने करवाया था?**
(a) हम्मीर देव
(b) गोविन्दराज
(c) जैत्रसिंह
(d) वागभट्ट

**68. रायबहादुर हरविलास शारदा राजस्थान के किस जिले के निवासी थे?**
(a) अजमेर
(b) जयपुर
(c) बूँदी
(d) अलवर

**69. प्राचीन नगर जो महाभारत एवं महाभाष्य दोनों ग्रंथों में उल्लेखित है-**
(a) विराट नगर (बैराठ)
(b) मध्यमिका (नगरी)
(c) रैढ़
(d) कंकोट

**70. आँवल-बावल की संधि निम्नलिखित में से किस-किस के मध्य हुई थी?**
(a) राणा सांगा व महमूद खिलजी
(b) राणा कुम्भा व राव जोधा
(c) राणा लाखा व राव चुड़ा
(d) राणा कुम्भा व राणा रणमल

**71. करौली के यादव शाखा का मूल पुरुष/संस्थापक कौन था?**
(a) विजयपाल
(b) धर्मपाल
(c) प्रतापपाल
(d) गोपालपाल

**72. राठौड़ राजवंश में प्रथम पितृहन्ता कौन था?**
(a) गांगादेव
(b) भूपसिंह
(c) राव मालदेव
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73. आमेर शासक भारमल के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**(A) भारमल ने अलवर में भानगढ़ दुर्ग का निर्माण प्रारंभ करवाया था।**
**(B) हरकाबाई भारमल की पुत्री थी।**
**(C) अकबर ने भारमल को 7,000 की मनसबदारी प्रदान की थी।**
**कूट :**
(a) केवल A व B
(b) केवल B व C
(c) केवल A व C
(d) उपर्युक्त सभी

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए सही कूट का चयन कीजिए-**
**कथन A. गोविन्द गिरि ने 1883 ई. में 'भगत पंथ' की स्थापना की।**
**कथन B. गोविन्द गिरि ने वर्ष 1911 में 'सम्प सभा' की स्थापना की।**
**कूट-**
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A तथा B दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75. निम्नलिखित में से असंगत कथन को छाँटिए-**
(a) विजयसिंह पथिक ने बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रचार-प्रसार हेतु सर्वप्रथम 'प्रताप समाचार पत्र' का सहारा लिया।
(b) 'प्रताप समाचार पत्र' गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा महाराष्ट्र से प्रकाशित होता था।
(c) वर्ष 1919 में पथिक जी ने 'राजस्थान सेवा संघ' की स्थापना वर्धा (महाराष्ट्र) में की।
(d) वर्धा (महाराष्ट्र) से पथिक जी ने 'राजस्थान केसरी' समाचार पत्र का प्रकाशन किया।

**76. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-**
(a) ब्यालू - ग्रामीण क्षेत्रों में शाम का भोजन
(b) कलेवा - ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर का भोजन
(c) भाता – ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में ले जाने वाला दोपहर का भोजन
(d) इनमें से कोई नहीं

**77. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(a) कछाबू - आदिवासी महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला तंग घाघरा।
(b) लंगोटा - आदिवासी महिलाओं का कमर से ऊपर का वस्त्र।
(c) खटका - सहरिया जनजाति के पुरुषों द्वारा पहना गया साफा/पगड़ी।
(d) ढेपाड़ा - आदिवासी महिलाओं का घाघरा।

**78. निम्नलिखित में से कौन-सा संस्कार जन्म से पूर्व नहीं किया जाता है?**
(a) गर्भाधान
(b) निष्क्रमण
(c) पुंसवन
(d) सीमतोन्नयन

**79. 'अग्नि नृत्य' का संबंध किस सम्प्रदाय से है?**
(a) लालदासी सम्प्रदाय (b) जसनाथी सम्प्रदाय
(c) गुदड़ सम्प्रदाय (d) निष्कलंक सम्प्रदाय

**80. राजस्थान का एकमात्र दुर्ग जहाँ मंदिर, मस्जिद एवं गिरजाघर तीनों स्थित है-**
(a) गागरोन दुर्ग (b) रणथम्भौर दुर्ग
(c) जयगढ़ दुर्ग (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81. 'शेखावटी की स्वर्णनगरी' के नाम से प्रसिद्ध है-**
(a) मण्डावा
(b) बागौर
(c) नवलगढ़
(d) चिड़वा

**82. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **A. फूलडोल का मेला** | **i. अलवर** |
| **B. अन्नकूट का मेला** | **ii. करौली** |
| **C. महावीर जी का मेला** | **iii. राजसमंद** |
| **D. चन्द्रप्रभु का मेला** | **iv. शाहपुरा** |

**कूट -**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iv | iii |
| (b) | iii | ii | i | iv |
| (c) | iv | i | iii | ii |
| (d) | iv | iii | ii | i |

**83. तुर्रा कलंगी लोकनाट्य में तुर्रा प्रतीक है-**
(a) शिव
(b) पार्वती
(c) विष्णु
(d) लक्ष्मी

**84. जॉर्ज अब्राहिम ग्रियर्सन ने राजस्थान की किस बोली को भीली बोली कहा है?**
(a) मेवाड़ी
(b) वागड़ी
(c) हाड़ौती
(d) ढूँढाड़ी

**85. 'डीग के जलमहलों' का निर्माण किसने करवाया था?**
(a) महाराजा सूरजमल
(b) चूडामन
(c) गोकुल भाई जाट
(d) हरराम भाटी

**86. विवाह के दिन वधू की माता द्वारा ओढ़ी गई ओढ़नी कहलाती है-**
(a) पोमचा
(b) कवर जोड़
(c) पीर जोड़
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**87. मुहम्मद खिलजी-I ने किस दुर्ग का नाम परिवर्तित करके मुस्तफाबाद रखा था?**
(a) चित्तौड़गढ़ दुर्ग
(b) रणथंभौर दुर्ग
(c) गागरोन दुर्ग
(d) भटनेर दुर्ग

**88. मुबारक महल/वेलकम महल के संदर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) यह महल चन्द्रमहल/सिटी पैलेस में स्थित है।
(b) इसका निर्माण सवाई जयसिंह ने करवाया था।
(c) यह महल मेहमानों के स्वागत हेतु प्रसिद्ध है।
(d) यह महल राजपूत-मुगल स्थापत्य शैली में निर्मित है।

**89. परनामी सम्प्रदाय के उपदेश किस ग्रंथ में संगृहीत हैं?**
(a) वाणी
(b) अनाभाई वेणी
(c) कुंजलम स्वरूप
(d) पदावलियाँ

**90. मारवाड़ के राठौड़ वंश की कुलदेवी है-**
(a) चामुण्डा माता
(b) नागणेची माता
(c) सुन्धा माता
(d) करणी माता

**91. पपेटी किस धर्म का त्योहार है?**
(a) पारसी
(b) हिन्दू
(c) सिख
(d) जैन

**92. भारतमाता नामक प्रसिद्ध पेंटिंग के चित्रकार कौन थे?**
(a) रविन्द्रनाथ टैगोर
(b) अवनींद्रनाथ टैगोर
(c) रवि वर्मा
(d) जामिनी रॉय

**93. बोधगया का महाबोधि मंदिर पहली बार किस शासक द्वारा बनाया गया था?**
(a) समुद्रगुप्त
(b) अजातशत्रु
(c) अशोक
(d) धर्मपाल

**94. निम्नलिखित में से कौन-सा/से नृत्य यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल है/हैं?**
(a) गरबा (b) छऊ
(c) कालबेरिया (d) उपर्युक्त सभी

**95. अजंता की गुफाएँ किस राज्य में स्थित हैं?**
(a) मध्य प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) छत्तीसगढ़ (d) ओडिशा

**96. प्रधानमंत्री के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(A) प्रधानमंत्री के वेतन-भत्ते भारत की संचित निधि द्वारा निर्धारित किया जाता है।**
**(B) प्रधानमंत्री मंत्रिपरिषद् का प्रमुख होता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल A (b) केवल B
(c) A व B दोनों (d) न तो A और न ही B

**97. संविधान सभा का निर्माण किस योजना के द्वारा किया गया?**
(a) क्रिप्स मिशन
(b) नेहरू रिपोर्ट
(c) कैबिनेट मिशन
(d) स्वराज बिल

**98. मूल संविधान में कितनी अनुसूचियाँ थी?**
(a) सात अनुसूचियाँ
(b) आठ अनुसूचियाँ
(c) 10 अनुसूचियाँ
(d) 12 अनुसूचियाँ

**99. जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है?**
(a) राज्यपाल
(b) मुख्यमंत्री
(c) लोकसेवा आयोग
(d) उच्च न्यायालय व मुख्य न्यायाधीश

**100. राज्य मंत्रिपरिषद् के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(A) विधानमण्डल के किसी भी सदन का सदस्य रहे बिना कोई भी व्यक्ति अधिकतम तीन माह तक मुख्यमंत्री के पद पर बना रह सकता है।**
**(B) यदि कोई मंत्री जो निरंतर छह माह की किसी अवधि तक राज्य के विधान-मंडल का सदस्य नहीं है, तो अवधि की समाप्ति पर मंत्री नहीं रहेगा।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल A
(b) केवल B
(c) A व B दोनों
(d) न तो A और न ही B

**101. निम्नलिखित में से विधानमंडल का/के अंग है/हैं-**
(a) राज्यपाल
(b) विधानसभा
(c) विधानपरिषद्
(d) उपर्युक्त सभी

**102. जब किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश प्रशासनिक हैसियत से काम करता है तो वह –**
(a) उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों में से किसी भी रिट अधिकारिता के अधीन होता है।
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रयुक्त विशेष नियंत्रण के अधीन होता है।
(c) राज्य के राज्यपाल की स्वविवेकी शक्तियों के अधीन होता है।
(d) इस विषय में मुख्यमंत्री को प्रदत्त विशेष शक्तियों के अधीन होता है।

**103. वार्ड सभा की गणपूर्ति होती है-**
(a) 1/10 (b) 1/3
(c) ¼ (d) 1/5

**104. भारत में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित हैं-**
(a) राज्य विधानसभाओं में
(b) मंत्रिमण्डल में
(c) लोकसभा
(d) पंचायती राज संस्थाओं में

**105. राज्यपाल के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(A) 7 वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत यह प्रावधान किया गया कि एक ही व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल बन सकता है।**
**(B) सामान्यत: राष्ट्रपति उस व्यक्ति को किसी राज्य का राज्यपाल नियुक्त करता है जिसे केन्द्र सरकार के द्वारा नामांकित किया जाता है।**
**(C) राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति की विवेकाधिकार शक्ति है।**
**उपर्युक्त कथनों में से सत्य कथन कौन-सा/से है/हैं?**
(a) केवल A (b) A व C दोनों
(c) A व B दोनों (d) A, B व C

**106. राष्ट्रीय विकास परिषद् के विषय में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?**
**(A) इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री के द्वारा की जाती है।**
**(B) इसमें संघीय मंत्रिमण्डल के सदस्य, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रशासक शामिल होते हैं।**
**(C) इसमें नीति आयोग के सदस्य शामिल होते हैं।**
**(D) स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री भी परिषद् की विचार-विमर्श की कार्यवाही के लिए आमंत्रित किए जाते हैं।,**
**नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए -**
(a) केवल (A), (B) और (C)
(b) केवल (A), (B) और (D)
(c) (A), (B), (C) और (D)
(d) केवल (A) और (B)

**107. 'ट्रांसपेरेंट टैक्सेशन-ऑनरिंग द ऑनेस्ट' का प्लेटफॉर्म कब शुरू किया गया था?**
(a) अगस्त, 2019
(b) जनवरी, 2020
(c) जनवरी, 2019
(d) अगस्त, 2020

**108. मुद्रास्फीति और बेरोजगारी का सह-अस्तित्व कहलाता है-**
(a) कोर मुद्रास्फीति
(b) निस्पंद-स्फीति (स्टैगफ्लेशन)
(c) अपस्फीति (डीफ्लेशन)
(d) हैडलाइन मुद्रास्फीति

**109. मुख्यमंत्री राजश्री योजना आरम्भ की गई है-**
(a) ग्रामीण क्षेत्रों में महिला साक्षरता को बढ़ावा देना।
(b) महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना।
(c) महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना।
(d) गिरते हुए बाल लिंगानुपात को सुधारना।

**110. राजस्थान में इंदिरा महिला शक्ति निधि योजना कब प्रारम्भ की गई?**
(a) 18 नवम्बर, 2019
(b) 18 मार्च, 2019
(c) 18 अप्रैल, 2019
(d) 18 दिसम्बर, 2019

**111. राजस्थान में 'जीवन धारा योजना' का संबंध है-**
(a) गरीबों के लिए बीमा योजना
(b) सिंचाई कुओं का निर्माण
(c) ग्रामीण गरीबों के लिए बिजली की उपलब्धता
(d) चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता

**112. राजस्थान में राष्ट्रीय आयुष मिशन का उद्देश्य क्या है?**
(a) पश्चिमी जिलों में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देना।
(b) राज्य के गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों को चिकित्सा बीमा की सुविधा उपलब्ध कराना।
(c) राज्य में आयुर्वेद होम्यो, यूनानी योगा तथा प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का विकास करना।
(d) राज्य के अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़ावर्ग के परिवारों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना।

**113. राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की स्थापना कब हुई?**
(a) 19 जुलाई, 2000
(b) 19 जुलाई, 2001
(c) 19 जुलाई, 2002
(d) 19 जुलाई, 2003

**114. राजस्थान सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा कब दिया?**
(a) वर्ष 1987
(b) वर्ष 1988
(c) वर्ष 1989
(d) वर्ष 1990

**115. राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अपने प्रशिक्षण केन्द्रों में ग्रामीण व शहरी युवाओं को प्रशिक्षण देता है। ये केन्द्र स्थित हैं-**
(a) जयपुर और सिरोही में
(b) जयपुर, उदयपुर और बीकानेर में
(c) जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में
(d) जयपुर, टोंक और उदयपुर में

**116. हाल ही में घुड़सवारी खेल के लिए अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला कौन बनीं?**
(a) भवानी देवी (b) नादिया बेन अज़ीज़ी
(c) एना अरोरा (d) दिव्यकृति सिंह

**117. हाल ही में ताज होटल्स समूह ने राजस्थान से किसे अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है?**
(a) रवि विश्नोई
(b) सुनीता शर्मा
(c) डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़
(d) पूजा विश्नोई

**118. हाल ही में राज्य में 'नमो ड्रोन दीदी योजना' की शुरुआत किस जिले से की गई है?**
(a) जयपुर (b) भरतपुर
(c) हनुमानगढ़ (d) कोटा

**119. हाल ही में राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा किसे डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया?**
(a) प्रो. निष्ठा जसवाल (b) महिमा पंडित
(c) सत्य प्रकाश (d) भूषण कुमार चौपड़ा

**120. हाल ही में 5G नेटवर्क की दक्षता बढ़ाने के लिए C-DOT ने किसके साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?**
(a) आईआईटी मुंबई
(b) आईआईटी जोधपुर
(c) आईआईटी कानपुर
(d) आईआईटी वाराणसी

**121. 33वीं सब-जूनियर बालिका राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने कौन-सा पदक जीता है?**
(a) स्वर्ण पदक (b) रजत पदक
(c) काँस्य पदक (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**122. पद्मश्री पुरस्कार-2024 से सम्मानित डॉ. राधेश्याम पारीक का संबंध किस जिले से है?**
(a) झुंझुनूँ (b) जयपुर
(c) जोधपुर (d) अजमेर

**123. हाल ही में 5वें 'ब्रेसिका सम्मेलन- 2024' का आयोजन कहाँ किया गया?**
(a) भरतपुर (b) जयपुर
(c) श्रीगंगानगर (d) जोधपुर

**124. हाल ही में राजस्थान के किस जिले में सिंचाई जल की आपूर्ति के लिए डिजिटल जल वितरण प्रणाली शुरू की गई है?**
(a) हनुमानगढ़ (b) चूरू
(c) बाड़मेर (d) श्रीगंगानगर

**125. हाल ही में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (जयपुर) ने आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए किस देश के साथ समझौता किया है?**
(a) थाईलैंड (b) कंबोडिया
(c) जापान (d) मॉरीशस

**126. हाल ही में किसे कर्मचारी चयन आयोग (SSC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?**
(a) राजकुमार गोयल
(b) अनिल देसाई
(c) राकेश रंजन
(d) नवीन नायक

**127. हाल ही में 30 मई, 2024 को किस भारतीय राज्य ने अपना 37वाँ स्थापना दिवस मनाया है?**
(a) तेलंगाना (b) गोवा
(c) मणिपुर (d) केरल

**128. प्रतिवर्ष 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 28 मई को
(b) 29 मई को
(c) 30 मई को
(d) 31 मई को

**129. ताइवान एथलेटिक्स ओपन- 2024 में भारतीय एथलेटिक्स दल ने कुल कितने पदक जीते?**
(a) 5
(b) 8
(c) 7
(d) 10

**130. हाल ही में भारत और किस देश के मध्य संयुक्त सैन्याभ्यास डस्टलिक का आयोजन किया गया?**
(a) उज्बेकिस्तान
(b) दक्षिण कोरिया
(c) भूटान
(d) रूस

**131. 'प्रेषिति' शब्द का सही संधि-विच्छेद होगा–**
(a) प्र + इषिति
(b) प्रा + आषिति
(c) प्र + ईषिति
(d) प्रा + ईषिति

**132. उपसर्ग के बारे में सत्य कथन है–**
(a) ये शब्दांश होते हैं।
(b) ये मूल शब्द के प्रारम्भ में जोड़े जाते हैं।
(c) इनका अपना कोई स्वतंत्र अर्थ नहीं होता।
(d) उपर्युक्त सभी

**133. निम्नलिखित में से अपादान तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है-**
(a) राजद्रोह
(b) जन्मोत्तर
(c) धर्मयुक्त
(d) धर्मविमुख

**134. 'व्योम' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–**
(a) अन्तरिक्ष (b) अम्बर
(c) पीयूष (d) नभ

**135. 'कृश' शब्द के विलोम की पहचान कीजिए–**
(a) तरुण (b) क्षुद्र
(c) स्थूल (d) इनमें से कोई नहीं

**136. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**
(a) छार (b) पहाड़
(c) झूँठ (d) ढ़ोलक

**137. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वचन संबंधी अशुद्धि है?**
(a) सबसे हमारा प्रणाम कहना।
(b) मैंने हस्ताक्षर कर दिया।
(c) आप भोजन खाएँगे?
(d) उसकी आँख में आँसू बह रहे थे।

**138. 'दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा' के लिए सार्थक शब्द होगा–**
(a) ईशान (b) आग्नेय
(c) नैऋत्य (d) वायव्य

**139. परिसीमन के लिए उचित शब्द है–**
(a) Motion (b) Delimitation
(c) Corrigendum (d) Decorum

**140. आज के जमाने में स्वार्थपरता बढ़ जाने के कारण कुछ लोग ............। रिक्त स्थान के लिए सही मुहावरा है–**
(a) स्वार्थी बनकर लूटते हैं।
(b) विरोधियों के दाँत खट्टे करते हैं।
(c) थाली के बैंगन बन जाते हैं।
(d) अपना प्रभाव जमाते हैं।

**141. Which of the following is NOT a common reason for writing a demi-official letter?**
(a) Making a complaint
(b) Seeking clarification on a work-related matter
(c) Expressing gratitude
(d) Issuing a warning to a subordinate

**142. Find out the erroneous part of the given sentence.**
**I am believing (A)/ you have submitted (B)/ all the necessary documents. (C)/ No error (D)**
(a) A (b) B
(c) C (d) D

**143. Choose the one which is similar in meaning to the given word.**
**Fury**
(a) Sin (b) Risk
(c) Anger (d) Crime

**144. Choose the alternative which best expresses the meaning of the given Idiom/Phrase.**
**'Bring to light' means -**
(a) reveal clearly (b) praise in public
(c) brighten up (d) lighten up

**145. Change the following sentence into direct/indirect speech.**
**Ram told me, "Give me** some **money, will you?"**
(a) Ram requested me to give him.
(b) Ram told me to give me some money.
(c) Ram asked me give me some money.
(d) Ram requested me to give him some money.

**146. Fill in the blanks with sequence of tenses.**
**We shall not go to village if it______ today.**
(a) Rain (b) Rains
(c) Raining (d) Rained

**147. Change the speech from Direct to Indirect speech.**
**"What happened?", Pawan said.**
(a) Pawan asked what happened.
(b) Pawan asked what had happened.
(c) Pawan said what had happened.
(d) Pawan told what has happened.

**148. Choose the conjunction that best suits the sentence.**
**The gold was hidden in the tunnel ________ in the underground pond.**
(a) so (b) but
(c) or (d) for

**Direction (Q. 149-150): Read the following passage and answer the questions that follow.**

Books by far are the most lasting product of human effort. Temples crumble into ruins, pictures and statues decay, but books survive. Time does not destroy the great thoughts contained in books which are as fresh today as when they first passed through their author's mind. These thoughts speak to us through the printed page. The only effect of time has been to throw out of currency the bad product among books. Nothing in literature which is not good can live for long. Good books have always helped man in various spheres of life. No wonder that the world keeps its books with great care.

**149. The world keeps its books with care because -**
(a) they are readable.
(b) they are printable.
(c) they are everlasting.
(d) they help us in various spheres of life.

**150. Time cannot destroy books because -**
(a) they are not made of perishable material.
(b) they contain great ideas that continue to live in the minds of the people.
(c) they affect the bad intentions of their readers.
(d) they are a part of our natural habitat.

# व्याख्या - 01

**1. [c]**

**व्याख्या :-**

- भाखड़ा नांगल बहुउद्देशीय परियोजना राजस्थान, पंजाब व हरियाणा की संयुक्त परियोजना है । भाखड़ा नांगल बांध सतलज नदी पर दो बांधों भाखड़ा और नांगल के नाम पर सबसे बड़ी और प्रमुख बहुउद्देशीय परियोजना है।

**2. [c]**

**व्याख्या:-**

- **नक्की झील –** नक्की झील राजस्थान के माउंट आबू क्षेत्र में स्थित है। इस झील को माउंट आबू का एक सुंदर पर्यटन स्थल माना जाता है। मीठे पानी की यह झील, जो राजस्थान की सबसे ऊँची झील है।
- **लोनार झील –** यह झील महाराष्ट्र के बुलढ़ाना जिले में स्थित ज्वालामुखी / उल्कापात द्वारा निर्मित झील है।
- **कोलेरू झील –** यह झील आंध्र प्रदेश में कृष्णा-गोदावरी डेल्टा के मध्य स्थित ताजे जल की झील है।
- **पुलिकट झील –** यह आंध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु की सीमा पर स्थित खारे जल की लैगून झील है। इसका निर्माण समुद्र से बालू की भित्ति अलग होने से हुआ है।

**3. [a]**

**व्याख्या :-**

- अमरकंटक पर्वत चोटी से नर्मदा व सोन नदियों का उद्गम होता है।
- अमरकंटक पर्वत चोटी मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में स्थित मैकाल पर्वत श्रेणी के अमरकंटक पठार में स्थित है।
- ताप्ती नदी का उद्गम मध्य प्रदेश राज्य में बैतुल जिले की मुल्ताई पहाड़ियों से होता है।

**4. [d]**

**व्याख्या :-**

- **बारालाचला दर्रा –** यह दर्रा मनाली को लेह से जोड़ता है।
- **शिपकीला दर्रा –** यह दर्रा शिमला को तिब्बत से जोड़ता है।
- **रोहतांग दर्रा –** यह दर्रा रावी नदी का उद्गम स्थल है।
- ये तीनों दर्रे हिमाचल प्रदेश में हैं।
- **बनिहाल दर्रा –** यह दर्रा जम्मू को श्रीनगर से जोड़ता है।

**5. [a]**

**व्याख्या :-**

- बद्रीनाथ से ऊपर सतोपंथ हिमनद में अलकनंदा नदी निकलती है। उत्तराखंड राज्य में स्थित रुद्रप्रयाग अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का संगम स्थल है।
- अलकनंदा और विष्णु गंगा जोशीमठ या विष्णु प्रयाग में मिलती है।
- अलकनंदा की सहायक नदी पिंडर कर्णप्रयाग में मिलती है।
- अलकनंदा व नंदाकिनी नदी का संगम नंदप्रयाग में होता है।
- देवप्रयाग में भागीरथी और अलकनंदा का संगम होता है, इसके बाद इसे गंगा के नाम से जाना जाता है।

**6. [c]**

**व्याख्या :-**

- जैवमंडल आरक्षित क्षेत्र के प्राय: तीन भाग होते है – पहला कोर क्षेत्र, जहाँ अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा सामान्य जनता का प्रवेश वर्जित होता है।
- दूसरा बफर क्षेत्र जो अनुसंधान व शोध कार्यों के लिए आरक्षित रहता है। तीसरा व अंतिम क्षेत्र संक्रमण क्षेत्र होता है, जो खुला व विस्तृत होता है और आमजन के लिए रहता है।

**7. [b]**

**व्याख्या :-**

- भारत में 'श्री हरिकोटा द्वीप' आन्ध्र प्रदेश की पुलिकट झील में स्थित द्वीप है।
- यहाँ सतीश धवन अन्तरिक्ष अनुसंधान केन्द्र स्थित है। यह कोरोमण्डल तट पर है।
- यह ISRO का उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र है।

**8. [d]**

**व्याख्या :-**

- **लिपुलेख दर्रा –** यह दर्रा उत्तराखंड में स्थित है तथा उत्तराखंड को तिब्बत के पठारी क्षेत्र से जोड़ता है।
- **नाथुला दर्रा –** यह सिक्किम को तिब्बत के पठारी क्षेत्र चीन से जोड़ता है।
- **रोहतांग दर्रा –** यह हिमाचल प्रदेश में अवस्थित है तथा लेह को मनाली से जोड़ता है। इस दर्रे से रावी व व्यास नदियों का उद्गम होता है।
- **बोमडीला दर्रा –** यह दर्रा अरुणाचल प्रदेश में स्थित है तथा अरुणाचल प्रदेश को तिब्बत के पठारी क्षेत्र चीन से जोड़ता है।

**9. [d]**

**व्याख्या :-**

- पूसा सिंधु गंगा गेहूँ की किस्म है। अन्य गेहूँ की किस्में– पूसा विशेष, पूसा श्रेष्ठ, पूसा गेहूँ आदि ।

**10. [a]**

**व्याख्या :-**

- सरदार सरोवर बाँध गुजरात राज्य में नर्मदा नदी पर स्थित है। गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश इस परियोजना से लाभान्वित होने वाले प्रमुख राज्य हैं ।

**11. [b]**

**व्याख्या :-**

- पूर्वी मैदानी प्रदेश की उत्पत्ति गंगा तथा यमुना द्वारा लाई गई मृदा के जमाव से हुई है। इस कारण पूर्वी मैदानी प्रदेश का संबंध गंगा के मैदान से हैं।
- पूर्वी मैदानी भाग को तीन उपभाग में विभाजित किया गया है-
  1. बनास-बाणगंगा-बेसिन
  2. चम्बल-बेसिन
  3. माही-बेसिन

12. [b]
**व्याख्या :-**
- किन्नू मण्डी श्रीगंगानगर में स्थित है जबकि अलवर में प्याज मण्डी स्थित है।
- इसबगोल - भीनमाल
- लहसुन – छीपाबड़ौद-छबड़ा (बाराँ)
- लाल मिर्च – मथानिया (जोधपुर)

13. [c]
**व्याख्या :-**
- **सीता माता वन्य जीव अभयारण्य:-**
  जिला – प्रतापगढ़
  यहाँ पर सभी प्रकार के वन्य पशुओं तथा पक्षियों को संरक्षण देने का प्रावधान है।
- **जमवारामगढ़ अभयारण्य :-**
  जिला – जयपुर
  प्रजातियाँ – बघेरा, जरख, जंगली सूअर, जंगली बिल्ली, भेड़िया आदि वन्य जीव मिलते हैं।
- **जवाहर सागर –**
  जिला – कोटा
  प्रजातियाँ – मगरमच्छ, हरिण, खरगोश, आदि प्रमुख हैं।
- **वन विहार अभयारण्य –** यह धौलपुर जिले में स्थित है।

14. [b]
**व्याख्या :-**
- मरु विकास क्षेत्रीय कार्यक्रम वर्ष 1977-78 में केन्द्र सरकार की 100 प्रतिशत भागीदारी से शुरुआत हुई थी।
- इस कार्यक्रम में 1 अप्रैल, 1999 से कोष आवंटन का तरीका बदलकर 25 प्रतिशत राज्य सरकार एवं 75 प्रतिशत केन्द्र सरकार कर दिया गया है।
- मरु विकास कार्यक्रम का उद्देश्य – मरुस्थली क्षेत्र का विकास करना।

15. [b]
**व्याख्या :-**
- रिडकोर का पूरा नाम रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कंपनी ऑफ राजस्थान है, जिसकी स्थापना अक्टूबर, 2004 में की गई।
- मेगा हाइवे परियोजना के क्रियान्वयन के लिए रिडकोर की स्थापना की गई।

16. [c]
**व्याख्या :-**
- पश्चिमी राजस्थान के सभी जिलों में इस मिट्टी का विस्तार हैं।
- भिन्न – भिन्न जलवायु दशाओं से इसका निर्माण हुआ हैं।
- इस मिट्टी का रंग प्राय: हल्का पीला भूरा होता है।

17. [a]
**व्याख्या :-**
- बनास पर स्थित तीन त्रिवेणी संगम है:-
  1. बनास-बेड़च-मेनाल
  2. बनास-खारी-डाई
  3. बनास-सीप-चम्बल

18. [a]
**व्याख्या :-**
- **बंध बारेठा बाँध –** वर्ष 1897 में भरतपुर की बयाना तहसील में कुकुन्द नदी को दो पहाडों के बीच रोककर बनाया भरतपुर जिले का सबसे बड़ा बाँध है इससे पेयजल की आपूर्ति की जाती है।
- **मेजा बाँध** – यह भीलवाड़ा में कोठारी नदी के किनारे पर है।
- **बाकली बाँध** – यह बाँध सूकड़ी नदी पर जालोर में स्थित है।
- **ईसरदा बाँध** – यह बनास नदी पर टोंक, सवाई माधोपुर जिले में है।

19. [a]
**व्याख्या :-**
- "छप्पन का मैदान" का नामकरण माही नदी के बेसिन में स्थित 56 ग्रामों के समूह के कारण पड़ा है, जो प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बाँसवाड़ा के मध्य स्थित हैं।
- माही नदी के तट पर स्थित प्रतापगढ़ की भूमि को कांठल कहा जाता है**,** इसलिए माही नदी को कांठल की गंगा कहा जाता है।

20. [a]
**व्याख्या :-**
- राज्य की प्रथम लिग्नाइट आधारित परियोजना बीकानेर में स्थित है जो गुढ़ा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट द्वारा चलाई जा रही है।

21. [a]
**व्याख्या :-**
- जनगणना**,** 2011 के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या में पिछले दशक की तुलना में इस दशक में 21.31% की वृद्धि हुई है।
- 2001-2011 के दशक के दौरान राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की जनसंख्या वृद्धि दर सबसे कम थी। जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक वृद्धि दर वाले जिले– बाड़मेर, जैसलमेर व जोधपुर तथा न्यूनतम वृद्धि दर वाले जिले – श्रीगंगानगर, झुँझुनू व पाली में हुई।

22. [a]
**व्याख्या :-**
- ग्रेनाइट के अधिक उत्पादन के कारण जालोर को ग्रेनाइट सिटी के नाम से जाना जाता है। जालोर को सुवर्णनगरी भी कहते है।

23. [a]
**व्याख्या :-**
- राज्य की चौथी बाघ परियोजना रामगढ़ विषधारी अभयारण्य (बूँदी) होगी।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा रामगढ़ विषधारी अभयारण्य (बूँदी) को राज्य की चौथी एवं देश की 52 वीं बाघ परियोजना के रूप में मान्यता दी गई है।
- इससे पहले राजस्थान की तीन बाघ परियोजना :- (i) रणथम्भौर बाघ परियाजना (सवाई माधोपुर) (ii) सरिस्का (अलवर) (iii) मुकुन्दरा हिल्स (कोटा-झालावाड़)।

24. [c]
**व्याख्या :-**
- विटीकल्चर:- व्यापारिक स्तर पर की जाने वाली अंगूर उत्पादन (अंगूर की खेती) की क्रिया है।

**25. [d]**

**व्याख्या :-**

- रॉक फॉस्फेट सर्वाधिक झामर कोटड़ा खान से निकाला जाता है।
- रॉक फॉस्फेट का प्रयोग मिट्टी की अम्लीयता/लवणीयता की समस्या के समाधान हेतु किया जाता है।
- राजस्थान में रॉक फॉस्फेट का सर्वाधिक उत्पादन व भण्डारण उदयपुर में है।
- रॉक फॉस्फेट राजस्थान में सर्वाधिक उत्पादन वाला अधात्विक खनिज है।

**26. [d]**

**व्याख्या :-**

- कर्क रेखा (23½° उत्तरी अक्षांश) डूँगरपुर जिले की दक्षिण सीमा को छूती हुई बाँसवाड़ा के लगभग मध्य से गुजरती है।
- कर्क रेखा के दक्षिण में राजस्थान की एकमात्र तहसील कुशलगढ़ (बाँसवाड़ा) स्थित है।

**27. [d]**

**व्याख्या:-**

- **जाखम परियोजना** – यह राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में जाखम नदी पर निर्मित (पूर्णत: राजस्थान) है। जाखम बाँध भी जाखम नदी पर बना हुआ हैं।
- **भीखा भाई सागवाड़ा परियोजना** – यह परियोजना डूँगरपुर जिले में माही नदी पर है। यह परियोजना डूँगरपुर जिले के कमांड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराती है।
- **नंद-समंद परियोजना** – यह परियोजना बनास नदी पर स्थित है। यह राजसमंद जिले में है।
- **भीमसागर परियोजना** – यह परियोजना झालावाड़ जिले में परवन नदी पर है।

**28. [a]**

**व्याख्या :-**

- मुकुंदरा पहाड़ियां राजस्थान के हड़ौती क्षेत्र में स्थित हैं। यह चार नदियों रमजान, आहु, काली और चंबल से घिरा हुआ है और दो समानांतर पहाड़ों मुकुंदरा और गरोला के बीच स्थित है।
- उदयपुर के उत्तर-पश्चिम में गोगुन्दा और कुम्भलगढ़ के बीच स्थित अरावली पर्वत श्रृंखला के क्षेत्र को भोरट का पठार कहा जाता है।
- **छप्पन का मैदान**- प्रतापगढ़ और बांसवाड़ा के बीच 56 गांवों का मैदान छप्पन का मैदान कहलाता है

**29. [c]**

**व्याख्या :-**

- सोम-कमला-अंबा बांध परियोजना डूंगरपुर जिले में स्थित है। इसका उद्देश्य जल सिंचाई और भंडारण है। इस परियोजना की देखरेख जल संसाधन विभाग कर रहा है और इसमें आवश्यक निवेश या वित्तीय आवश्यकताएं राजस्थान सरकार द्वारा की जाती हैं।

**30. [b]**

**व्याख्या :-**

- राणा प्रताप सागर बाँध चम्बल नदी पर स्थित है।

**31. [c]**

**व्याख्या :-**

- शब्द के प्रत्येक स्वर को उसके बाद के चौथे अक्षर द्वारा तथा प्रत्येक व्यंजन को उसके बाद के तीसरे अक्षर द्वारा प्रतिस्थापित करने पर –

| V | I | C | T | O | R | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|
| +3↓ | +4↓ | +3↓ | +3↓ | +4↓ | +3↓ | +3↓ |
| Y | M | F | W | S | U | B |

**32. [d]**

**व्याख्या :-**

| 13 | 14 | 15 | 16 | | 19 | 20 | 21 | 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M | N | O | P | | S | T | U | X |
| ÷1↓ | ÷2↓ | ÷3↓ | ÷4↓ | | ÷1↓ | ÷2↓ | ÷3↓ | ÷4↓ |
| 13 | 7 | 5 | 4 | | 19 | 10 | 7 | 6 |
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| M | G | E | D | | S | J | G | F |

**33. [c]**

**व्याख्या :-**


- एक पेड़ बाएँ छोर से 7वाँ है तथा दाएँ छोर से 14 वाँ

  T = R + L-1

  पेड़ों की कुल संख्या = 14 + 7 - 1 = 20

**34. [d]**


**व्याख्या :-**




अत: L से दूरतम बिन्दु S हो सकता है।

**35. [a]**

**व्याख्या:-**




चित्र से साफ स्पष्ट है कि D की दादी A है।

**36. [a]**

**व्याख्या :-**

- जिस प्रकार ,

  $\Rightarrow (3 + 4)^2 + 4^2 = 7^2 + 4^2 = 49 + 16 = 65$

  $\Rightarrow (8 + 5)^2 + 8^2 = 13^2 + 8^2 = 169 + 64 = 233$

  $\Rightarrow (2 + 7)^2 + 7^2 = 9^2 + 7^2 = 81 + 49 = 130$


  उसी प्रकार ,

  $\Rightarrow (9 + 6)^2 + 9^2 = 15^2 + 9^2 = 225 + 81 = 306$

**37. [a]**

**व्याख्या :-**

– छवि दक्षिणावर्त दिशा में 90° घूम रही है।




**38. [c]**


**व्याख्या :-**



**39. [d]**

**व्याख्या :-**

–





अत: V , P के बाएँ को दूसरा है।

**40. [a]**

**व्याख्या :-**

–




अत: R का स्थान Q और T के बीच में है।

**41. [d]**

**व्याख्या :-**

x : y = 2 : 3 ⇒ $\frac{x}{y} = \frac{2}{3}$

माना x = 2, y = 3

तब, (5x + 3y) : (5x – 3y)

(5 × 2 + 3 × 3) : (5 × 2 - 3 × 3)

(10 + 9) : (10 - 9)

19 : 1

**42. [c]**

**व्याख्या :-**

– माना रेणु की बचत = 100

व्यय = 100 +120 = 220

अत: आय = 100 + 220 = 320

प्रश्नानुसार

आय 320 $\xrightarrow{25\%}$ 400

व्यय 220 $\xrightarrow{30\%}$ 286

बचत = 400 - 286 = 114

बचत में वृद्धि = 114 -100 = 14

% वृद्धि = $\frac{14}{100} \times 100$ = 14%

**43. [a]**

**व्याख्या :-**

– गाय का क्रय मूल्य = 500 रु.

गाय का विक्रय मूल्य = 550 रु.


लाभ = 550 - 500 = 50 रु.

लाभ प्रतिशत = $\frac{50}{500} \times 100$ = 10%

**44. [c]**

**व्याख्या :-**

समय = 10 साल




24% + 20% + 10%

ब्याज = 54%

मिश्रधन = 100+54 = 154%

मूलधन =?(100%)

समय = 10 वर्ष

मिश्रधन = 38,500 (154%)

मूलधन = $\frac{38500}{154} \times 100$


= 25000 रु.

अत: उधार ली गई राशि (मूलधन) 25000 रु. होगी।

**45. [c]**

**व्याख्या :-**

-




पाइथागोरस प्रमेय से,

कर्ण$^2$ = लम्ब$^2$ + आधार$^2$

$(x + 8)^2 = (x + 4)^2 + x^2$

$x^2 + 64 + 16x = x^2 + 16 + 8x + x^2$

$x^2 – 8x – 48 = 0$

$x^2 – 12x + 4x – 48 = 0$

$x(x – 12) + 4(x – 12) = 0$

$(x – 12) (x + 4) = 0$

अत: x = 12, x = – 4 (सम्भव नहीं है)

∴ कर्ण = 12 + 8 = 20 सेमी.

**46. [d]**

**व्याख्या :-**

- सही सुमेलित क्रम इस प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| ऑडियोग्राम | - | कान |
| ई.सी.जी (ECG) | - | हृदय |
| ई.ई.जी (EEG) | - | मस्तिष्क |
| मैमोग्राम | - | वक्ष |

**47. [a]**

**व्याख्या :-**

– मानव शरीर में यकृत से पित्त की थैली में पित्त रस पहुँचता है जो वसा युक्त भोजन के पाचन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यकृत वसा-पाचक एंजाइम उत्पन्न नहीं करता है।

– छोटी आँत वसा-पाचक एंजाइम (लाइपेज एंजाइम) उत्पन्न करता है।

**48. [a]**

**व्याख्या :-**

– Bt कपास- बैसिलस थुरीनजिएंसिस नामक जीवाणु एक ऐसी प्रोटीन (जीव विष) बनाती है जिसमें विभिन्न प्रकार के कीट को खत्म करने की क्षमता होती है।

– बीटी (Bt) जीवाणु से बना यह प्रोटीन कीटनाशक होता है लेकिन जीवाणु में निष्क्रिय होता है।

**49. [b]**

**व्याख्या :-**

- स्टेनलेस स्टील में टंगस्टन नहीं पाया जाता है।
- अधिकांशत: लोहा तथा 0.2 प्रतिशत से 2.1 प्रतिशत कार्बन की मिश्रधातु स्टील (Steel) कहलाती है।
- स्टेनलेस स्टील में आयरन, 12 से 18 प्रतिशत क्रोमियम तथा 8 से 10 प्रतिशत निकेल होती है।

**50. [b]**

**व्याख्या :-**

– रूधिर के निर्माण की प्रक्रिया हिमोपोइसिस कहलाती है।

– मानव में 5-6 लीटर रूधिर उपस्थित होता है।

– महिलाओं में रक्त पुरुषों की तुलना में आधा लीटर कम होता है।

– मानव में रूधिर शरीर के भार का 7-11% होता है।

**51. [b]**

**व्याख्या:-**

– मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रन्थि यकृत है, जिसका प्रमुख कार्य रक्त में उपस्थित अतिरिक्त ग्लूकोज को ग्लाइकोजन के रूप में परिवर्तित करके संचित रखना है। आवश्यकतानुसार यह ग्लाइकोजन ग्लूकोज में बदल कर शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। इस प्रकार यकृत अतिरिक्त शर्करा एवं ऊर्जा में सामंजस्य बनाए रखता है।

**52. [b]**

**व्याख्या :-**

– एंटेरोकाइनेस (Enterokinase) नामक एंजाइम अग्न्याशय रस के निष्क्रिय ट्रिप्सिनोजन को सक्रिय ट्रिप्सिन में बदलाता है।

– इरेप्सिन (Erapsin) पॉलीपेप्टाइडों को एमीनो अम्ल में बदलता है।

– आर्जिनेस (Arginase) आर्जिनीन एमीनो अम्ल को यूरिया में बदलता है।

– माल्टेज (Maltase) माल्टोज को ग्लूकोज में बदलता है।

**53. [c]**

**व्याख्या :-**

– ऐसीटिलीन को शुद्ध ऑक्सीजन में जलाने पर अति उच्च ताप उत्पन्न होता है।

– ऑक्सी-ऐसीटिलीन ज्वाला का ताप लगभग $3000^0$C होता है।

– इस गुण के कारण ऐसीटिलीन का उपयोग ऑक्सी ऐसीटिलीन ब्लो पाइप में धातुओं के वेल्डिंग और उनके काटने में किया जाता है।

**54. [c]**

**व्याख्या :-**

– भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) और मैप माई इंडिया ने एक स्वदेशी भू-स्थानिक पोर्टल भुवन को प्रारंभ करने के लिए आपस में भागीदारी की है।

– यह भारत में लागू भू-स्थानिक क्षेत्र से सम्बन्धित नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप है।

– यह एक प्रकार का वेब पोर्टल है, जिसका उपयोग इंटरनेट के माध्यम से भौगोलिक जानकारी (भू-स्थानिक जानकारी) और अन्य संबंधित भौगोलिक सेवाओं (प्रदर्शन, संपादन, विश्लेषण आदि) को खोजने और उनका उपयोग करने के लिए किया जाता है।

**55. [c]**

**व्याख्या:-**

– जठर ग्रन्थियाँ तीन प्रकार की स्रावी कोशिकाओं जाइमोजन (मुख्य पेप्टिक या प्रधान) कोशिकाओं, परिधीय कोशिकाओं और म्यूकस कोशिकाओं द्वारा आस्तरित होती है। प्रमुख पेप्टिक या जाइमोजन कोशिकाएँ पेप्सिनोजन ओर प्रोरेनिन नामक पाचक प्रोएन्जाइम स्रावित करती हैं। HCl पेप्सिनोजन और प्रोरेनिन को पेप्सिन और रेनिन में बदल देता है।

**56. [c]**

**व्याख्या :-**

– विजय पाण्डुरंग भटकर भारत के एक संगठन वैज्ञानिक सूचना प्रौद्योगिकी के नेतृत्वकर्ता तथा शिक्षाविद् सुपर कम्प्यूटर के विकास का नेतृत्व करने के लिए जाने जाते हैं।

**57. [c]**

**व्याख्या :-**

– प्रकाशीय स्त्रोत से कागज पर लिखे अक्षर को पढ़ने की तकनीक ऑप्टिकल करैक्टर रिकॉग्निशन कहलाती है। इसके लिए OCR (ऑप्टिकल करैक्टर रिकॉग्निशन) नामक इनपुट डिवाइस का इस्तेमाल किया जाता है।

**58. [c]**

**व्याख्या :-**

– Colour Monitor RGB (Red Green Blue) विकिरणों के आउटपुट को प्रदर्शित करता है। Computor की मेमोरी की क्षमता के अनुसार ऐसे मॉनिटर 16 से लेकर 16 लाख तक के रंगों में आउटपुट प्रदर्शित करते है।

**59. [b]**

**व्याख्या :-**

– SMTP (Simple Mail Transfer Protocol) एक TCP/IP प्रोटोकॉल है जो E-mail को भोजन और प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।

**60. [d]**

**व्याख्या :-**

– Memory Unit
– 1 bit = 0 या 1
– 4 bit = 1 nibble
– 8 Bit = 1 byte /2 Nibble
– 1024 Byte = 1 Kilobyte (KB)
– 1024 Kilobyte = 1 Megabytes (MB)
– 1024 Megabytes = 1 Gigabyte (GB)

**61. [b]**

**व्याख्या :-**

– गाँधी-इरविन पैक्ट 5 मार्च, 1931 को दिल्ली में सम्पन्न हुआ। यह पैक्ट "दिल्ली समझौते" के नाम से भी जाना जाता है।

**62. [b]**

**व्याख्या :-**

– कांग्रेस ने अगस्त प्रस्तावों को अस्वीकार करके व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत 17 अक्टूबर, 1940 को गाँधीजी के नेतृत्व में की।
– प्रथम सत्याग्राही विनोबा भावे व दूसरे सत्याग्राही जवाहरलाल नेहरू थे।

**63. [b]**

**व्याख्या :-**

– 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिश प्रधानमंत्री पॉमर्स्टन था।

**64. [a]**

**व्याख्या :-**

– ध्रुव प्रथम ने त्रि-पक्षीय संघर्ष में भाग लिया, ऐसा करने वाला (उत्तर भारत की राजनीति में भाग लेने वाला) प्रथम शासक था।
– ध्रुव प्रथम गुर्जर प्रतिहार शासक वत्सराज तथा पालवंश के शासक धर्मपाल को पराजित किया।

**65. [d]**

**व्याख्या :-**

– पानीपत का तीसरा युद्ध जनवरी, 1761 को पानीपत के मैदान में मराठा साम्राज्य और अफगानिस्तान के अहमद शाह अब्दाली जिसे अहमद शाह दुर्रानी भी कहा जाता है, के बीच हुआ था। इस समय पेशवा बालाजी बाजीराव था तथा मराठों का सेनापति सदाशिव राव भाऊ था।
– इस युद्ध में दोआब के रोहिला अफगान और अवध के नवाब शुजाउद्दौला ने अहमद शाह अब्दाली का साथ दिया।

**66. [a]**

**व्याख्या :-**

– पंडित झाबरमल शर्मा का जन्म झुँझुनूँ जिले में हुआ, इन्होंने वर्ष 1905 में कलकत्ता से 'ज्ञानोदय' नामक समाचार पत्र का संपादन आरम्भ किया।
– इन्होंने मारवाड़ी बंधु, भारत साप्ताहिक, कलकत्ता समाचार व हिन्दू समाचार आदि समाचार पत्रों का प्रकाशन किया।

**67. [a]**

**व्याख्या :-**

– रणथम्भौर शासक हम्मीर देव चौहान ने अपने पिता जैत्रसिंह के 32 वर्ष के शासनकाल के उपलक्ष्य में 32 खम्भों की छतरी/न्याय की छतरी का निर्माण करवाया।
– हम्मीर देव ने रणथम्भौर दुर्ग में पदमला तालाब का निर्माण भी करवाया था।

**68. [a]**

**व्याख्या :-**

– रायबहादुर हरविलास शारदा के प्रयासों से भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम - 1929 (शारदा एक्ट) पारित हुआ, जो 1 अप्रैल, 1930 को सम्पूर्ण भारत में लागू हुआ था। इस अधिनियम में विवाह योग्य उम्र लड़की के लिए 14 वर्ष एवं लड़कों के लिए 18 वर्ष निर्धारित की गई थी।

**69. [b]**

**व्याख्या :-**

– चित्तौड़गढ में मध्यमिका शिवि जनपद की राजधानी थी। मंदसौर के पास पाँच गुहा लेख प्राप्त हुए है जिनसे शिवि जनपद का प्रसार पश्चिम से पूर्व तक होना ज्ञात होता है।
– इस नगर का उल्लेख महाभारत एवं महाभाष्य दोनों ग्रंथों में मिलता है।

**70. [b]**

**व्याख्या :-**

– आँवल-बावल की संधि (1453 ई.) कुम्भा व जोधा के मध्य हंसाबाई के मध्यस्थता से हुई। इस संधि के माध्यम से मेवाड़ और मारवाड़ की सीमाओं को निर्धारण हुआ।
– जोधा ने अपनी पुत्री शृंगार देवी का विवाह महाराणा कुम्भा के पुत्र रायमल से किया।

**71. [a]**

**व्याख्या :-**

– करौली के यादव वंश की स्थापना विजयपाल द्वारा 1040 ई. में की गई।
– विजयपाल ने बयाना को अपनी राजधानी बनाया।
– विजयपाल ने बयाना में विजयमंदिर नामक किला बनाया था।

**72. [c]**

**व्याख्या :-**

– राव मालदेव राव गांगा व मणिक देवी (सिरोही के राव जगमाल की पुत्री) का सबसे बड़ा पुत्र था।
– राव मालदेव को मारवाड़ का प्रथम पितृहंता कहा जाता है।

**73. [a]**

**व्याख्या :-**

– अकबर ने भारमल को 5,000 की मनसबदारी (जात एवं सवार) एवं 'अमीर-उल-उमरा' व 'राजा' की उपाधि प्रदान की थी।
– भारमल ने आमेर में 'उजाला महल' का निर्माण करवाया था।
– भगवंतदास भारमल का पुत्र था।
– भारमल ने अलवर में भानगढ़ दुर्ग का निर्माण प्रारंभ करवाया था।
– हरका बाई भारमल की पुत्री थी।

**74. [d]**

**व्याख्या :-**

– गोविन्द गिरि ने 1883 ई. में भीलों को सामाजिक व राजनीतिक रूप से संगठित करने के लिए सम्प सभा की स्थापना की।
– गोविन्द गिरि ने बेड़सा में वर्ष 1911 में भगत पंथ की स्थापना की।

**75. [b]**

**व्याख्या :-**

– 'प्रताप समाचार पत्र' का प्रकाशन गणेश शंकर विद्यार्थी द्वारा कानपुर से किया जाता था, जिसके माध्यम से पथिक जी ने बिजौलिया किसान आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर की पहचान दिलाई ताकि बिजौलिया के किसानों की स्थिति का संपूर्ण भारत को पता चले और कोई बड़ा अधिकारी इनकी समस्याओं का निवारण करे।
– वर्ष 1920 में राजस्थान सेवा संघ का मुख्यालय वर्धा से अजमेर स्थानांतरित किया गया।
– पथिक जी ने अजमेर से 'तरुण राजस्थान' व 'नवीन राजस्थान' नामक समाचार पत्र प्रकाशित किए।
– वर्धा (महाराष्ट्र) से पथिक जी ने 'राजस्थान केसरी' समाचार पत्र का प्रकाशन किया।

**76. [b]**

**व्याख्या :-**

– कलेवा – ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के भोजन को (जो शाम को बचा हुआ भोजन) कलेवा कहते है।
– ब्यालू- ग्रामीण क्षेत्रों में शाम का भोजन।
– भाता – ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में ले जाने वाला दोपहर का भोजन।

**77. [d]**

**व्याख्या :-**

– **ढेपाड़ा -** आदिवासी पुरुषों द्वारा पहनी गई तंग धोती को ढेपाड़ा कहा जाता है।
– **कछाबू -** आदिवासी महिलाओं द्वारा पहना गया तंग घाघरा कछाबू कहलाता है।
– **लंगोटा -** आदिवासी महिलाओं का कमर से ऊपर का वस्त्र (कांचली)।
– **खटका -** सहरिया जनजाति के पुरुषों द्वारा पहना गया साफा/पगड़ी।

**78. [b]**

**व्याख्या :-**

– निष्क्रमण संस्कार :- इसमें जन्म के चौथे माह में बालक को पहली बार घर से निकालकर सूर्य एवं चन्द्रमा के दर्शन कराए जाते है।
– गर्भाधान, पुंसवन व सीमतोन्नयन तीनों शिशु के जन्म से पहले किए जाने वाले संस्कार हैं।

**79. [b]**

**व्याख्या :-**

– अग्नि नृत्य कतरियासर (बीकानेर) में फाल्गुन एवं चैत्र मास में जसनाथी सम्प्रदाय के अनुयायी जसनाथजी की आराधना में करते है।
– इस नृत्य के प्रवर्तक रूस्तम जी है।
– यह नृत्य करते समय सिद्ध **'फतै-फतै'** की जयघोष करते हैं।

**80. [b]**

**व्याख्या :-**

– रणथम्भौर दुर्ग के सुपारी महल में मंदिर, मस्जिद व गिरजाघर तीनों धर्मों के पवित्र स्थल स्थित है।
– रणथम्भौर दुर्ग राजस्थान के इतिहास में धार्मिक सहिष्णुता का परिचायक है।

**81. [c]**

**व्याख्या :-**

– शेखावाटी की स्वर्णनगरी 'नवलगढ़' को कहा जाता है।
– नवलगढ़ की हवेलियाँ सोने-चांदी की चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध है।

**82. [d]**

**व्याख्या :-**

– फूलडोल का मेला – शाहपुरा – चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र कृष्ण पंचमी तक ।
– रामस्नेही संप्रदाय से संबंधित।
– 'शाहपुरा' नगर अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के अनुयायियों का पीठ स्थल है।
– शाहपुरा में होली के दूसरे दिन प्रसिद्ध वार्षिक फूलडोल का मेला लगता है।
– अन्नकूट का मेला - नाथद्वारा (राजसमंद) कार्तिक शुक्ल एकम्।
– महावीर जी का मेला - (करौली) चैत्र शुक्ल त्रयोदशी से वैशाख कृष्ण द्वितीया तक। जैन धर्म का सबसे बड़ा मेला।
– यहाँ पर जिनेन्द्र रथ यात्रा मुख्य आकर्षण है।
– चन्द्रप्रभु का मेला तिजारा (अलवर) – फाल्गुन शुक्ल सप्तमी। जैन धर्म से संबंधित।

**83. [a]**

**व्याख्या :-**

– तुर्रा कलंगी लोकनाट्य में तुर्रा भगवान शिव तथा कलंगी पार्वती का प्रतीक है।
– चंदेरी के राजा ने तुकनगीर को तुर्रा (शिव) व शाह अली को कलंगी (पार्वती) भेंट की थी।

**84. [b]**

**व्याख्या :-**

– जॉर्ज अब्राहिम ग्रियर्सन ने वागड़ी बोली को भीली बोली कहा है।
– डूंगरपुर, बाँसवाड़ा के क्षेत्रों का प्राचीन नाम 'वागड़' था इसलिए वहाँ की भाषा 'वागड़ी' कहलायी।
– संत मावजी के उपदेश वागड़ी बोली में हैं।

**85. [a]**

**व्याख्या :-**

– डीग के जलमहलों का निर्माण जाट शासक सूरजमल ने करवाया था।
– ये महल राजस्थान में जलमहलों में सर्वश्रेष्ठ है।
– डीग को जलमहलों की नगरी कहा जाता है।
– यहाँ का प्रसिद्ध जलमहल, गोपाल महल है।

**86. [c]**

**व्याख्या :-**

– विवाह के दिन वधू की माता द्वारा ओढ़ी गई ओढ़नी 'पीर जोड़' कहलाती है।
– यह ओढ़नी वधू के मामा द्वारा लाई जाती है, जो वधू की माता ओढ़ती है।

**87. [c]**

**व्याख्या :-**

– 1444 ई. में मांडू के सुल्तान मुहम्मद खिलजी-I ने गागरोन दुर्ग पर आक्रमण किया, जिसमें अचलदास खींची के पुत्र पाल्हणसी को पराजित किया।
– मुहम्मद खिलजी-I ने गागरोन दुर्ग में एक और कोट का निर्माण करवाया तथा गागरोन दुर्ग का नाम परिवर्तित करके 'मुस्तफाबाद' रखा।

**88. [b]**

**व्याख्या :-**

– मुबारक महल/वेलकम महल का निर्माण सवाई माधोसिंह द्वितीय ने चन्द्रमहल/सिटी पैलेस (जयपुर) में करवाया था।
– एक अन्य मुबारक महल टोंक में स्थित है जो मुगल शैली में निर्मित है।
– यह महल ऊँट की कुर्बानी के लिए प्रसिद्ध है।

**89. [c]**

**व्याख्या :-**

– परनामी सम्प्रदाय की शिक्षाएँ एवं उपदेश 'कुंजलम स्वरूप' में संगृहीत है।
– परनामी सम्प्रदाय के प्रवर्तक प्राणनाथ जी थे।
– राजस्थान में परनामी सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ जयपुर में स्थित है।

**90. [b]**

**व्याख्या :-**

– मारवाड़ के राठौड़ वंश की कुलदेवी नागणेची माता का मंदिर मेहरानगढ़ (जोधपुर) में स्थित है।
– नागणेची माता का प्रमुख मंदिर नागाणा गाँव में स्थित है।
– मारवाड़ के राठौड़ वंश की आराध्य देवी चामुण्डा माता हैं।

**91. [a]**

**व्याख्या :-**

– पपेटी पारसी धर्म का त्योहार है, जो नवरोज के महीने में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मनाया जाता है। पारसी अपने भगवान अहुरमज़्द की पूजा करते हैं जिनका प्रतीक अग्नि है।

**92. [b]**

**व्याख्या :-**

– भारतमाता नामक प्रसिद्ध पेंटिंग चित्रकार अवनींद्रनाथ टैगोर द्वारा वर्ष 1905 में चित्रित किया गया। इस पेंटिंग में भारत माता को एक तपस्विनी के रूप में चित्रित किया गया है, जिनके पास धान, सफेद कपड़ा, रुद्राक्ष और एक किताब है।

**93. [c]**

**व्याख्या :-**

– महाबोधि मंदिर का निर्माण लगभग 260 ईसा पूर्व में मौर्य सम्राट महान अशोक द्वारा करवाया गया था। वर्तमान में निर्मित मंदिर 5वीं या 6वीं शताब्दी का है। इसे वर्ष 2002 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया था। महाबोधि मंदिर परिसर भगवान बुद्ध के जीवन और विशेष रूप से ज्ञान प्राप्ति से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक है।

**94. [d]**

**व्याख्या :-**

– वर्ष 2010 में कालबेरिया और छऊ नृत्य को तथा वर्ष 2023 में गरबा नृत्य को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल शामिल किया गया।

**95. [b]**

**व्याख्या :-**

– अजंता की गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के पास वाघोरा नदी के पास सह्याद्रि पर्वतमाला (पश्चिमी घाट) में रॉक-कट गुफाओं की एक शृंखला के रूप में स्थित हैं। इसमें कुल 29 गुफाएँ (सभी बौद्ध) हैं, जिनमें से 25 को विहार या आवासीय गुफाओं के रूप में जबकि 4 को चैत्य या प्रार्थना हॉल के रूप में इस्तेमाल किया जाता था।

**96. [b]**

**व्याख्या :-**

– संविधान के अनुच्छेद-74 (1) के अनुसार, 'राष्ट्रपति को सहायता एवं सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद् होगी जिसका प्रधान, प्रधानमंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों का प्रयोग करने में उसकी सलाह के अनुसार कार्य करेगा।'

अनुच्छेद-75 मंत्रियों के बारे में अन्य उपबंध-

– 75(1) प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा तथा अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा।
– 75(2) मंत्री राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करेंगे।
– 75(3) मंत्री परिषद्, लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी।
– 75(4) राष्ट्रपति, मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेगा।
– 75(5) कोई मंत्री जो निरंतर 6 माह तक संसद के किसी सदन का सदस्य नहीं है, उस अवधि की समाप्ति पर वह मंत्री नहीं रहेगा।
– 75(6) मंत्रियों के वेतन एवं भत्ते, संसद द्वारा निर्धारित किये जायेंगे।

**97. [c]**

**व्याख्या :-**

- मार्च, 1946 में कैबिनेट मिशन भारत आया। नवम्बर, 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान सभा का गठन किया गया था।

**98. [b]**

**व्याख्या :-**

- मूल संविधान में आठ अनुसूचियाँ थी। वर्तमान में 12 अनुसूचियाँ है।
- प्रथम संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा वर्ष 1951 में नौवीं अनुसूची को जोड़ा गया, जो भूमि सुधार कानून से संबंधित है।
- दसवीं अनुसूची – 52वें संशोधन अधिनियम के द्वारा वर्ष 1985 में जोड़ा गया, जो दल-बदल कानून से संबंधित है।
- 73वें संविधान संशोधन द्वारा वर्ष 1993 में संशोधन अधिनियम के द्वारा वर्ष 1993 में 11वीं अनुसूची को जोड़ा गया था। यह अनुसूची पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित है। इसमें 29 विषयों का उल्लेख है।
- 74वें संशोधन अधिनियम के द्वारा वर्ष 1993 में 12वीं अनुसूची को जोड़ा गया, जो नगरपालिकाओं का प्रावधान करती है।

**99. [a]**

**व्याख्या :-**

- भारतीय संविधान में अनुच्छेद-233 में जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति का प्रावधान है।
- राज्यपाल द्वारा जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है।
- अनुच्छेद-234 में न्यायिक सेवा में जिला न्यायाधीशों से भिन्न व्यक्तियों की भर्ती का उल्लेख किया गया है।

**100. [b]**

**व्याख्या :-**

- यदि कोई मंत्री जो निरंतर छह माह की किसी अवधि तक राज्य के विधान-मंडल का सदस्य नहीं है, तो अवधि की समाप्ति पर मंत्री नहीं रहेगा।
- विधानमण्डल के किसी भी सदन का सदस्य रहे बिना कोई भी व्यक्ति अधिकतम छह माह तक मुख्यमंत्री के पद पर बना रह सकता है।
- 91वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2003 के अनुसार राज्य विधान सभा के कुल सदस्यों का 15% अधिक मंत्रिपरिषद् नहीं होनी चाहिए। लेकिन जहाँ सदन की सदस्य संख्या-40 या उससे कम है, वहाँ यह संख्या अधिकतम-12 होगी।

**101. [d]**

**व्याख्या :-**

- संविधान के अनुच्छेद-168 के अन्तर्गत राज्य विधान मण्डल के साधारणत: तीन अंग उल्लिखित हैं; यथा-विधानसभा, विधान परिषद् एवं राज्यपाल।
- राज्य विधान परिषद् उच्च सदन होता है, जिसे द्वितीय सदन तथा वरिष्ठों का सदन भी कहा जाता है। इसमें अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित एवं नामित सदस्य सम्मिलित होते हैं।
- राज्य विधानसभा निम्न सदन होता है, जिसे पहला सदन तथा लोकप्रिय सदन के नाम से भी जाना जाता है।

**102. [a]**

**व्याख्या :-**

- किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश अपनी प्रशासनिक हैसियत से काम करते समय न्यायिक व्यक्ति नहीं होता है बल्कि एक सामान्य प्रशासनिक व्यक्ति होता है जो कि सभी न्यायाधीशों की रिट अधिकारिता के अंतर्गत आता है।

**103. [a]**

**व्याख्या :-**

- प्रत्येक वार्ड के पंजीकृत वयस्क मतदाताओं का समूह वार्ड सभा कहलाती है।
- वार्ड सभा का अध्यक्ष वार्ड पंच होता है। वार्ड पंच की अनुपस्थिति में उपस्थित सदस्यों द्वारा बहुमत से निर्वाचित सदस्य वार्ड सभा की अध्यक्षता करता है।
- वार्ड सभा की गणपूर्ति कुल सदस्य संख्या का 10% होती है।
- वार्डसभा की प्रतिवर्ष कम से कम 2 बैठकें (प्रत्येक 6 माह में एक) होगी।

**104. [d]**

**व्याख्या :-**

- संविधान के अनुच्छेद-243 D के तहत पंचायतों के चुनाव में महिलाओं व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति को आरक्षण प्रदान किया गया।
- अन्य पिछड़े वर्ग को आरक्षण प्रदान करना, राज्य विधानमंडल की इच्छा पर है।
- अध्यक्ष पद हेतु महिलाओं व अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति को आरक्षण भी राज्य विधानमंडल की मर्जी पर है।

**105. [c]**

**व्याख्या :-**

- अनुच्छेद-153 के तहत प्रत्येक राज्य का एक राज्यपाल होगा।
- 7वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1956 के तहत यह प्रावधान किया गया कि एक ही व्यक्ति दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल बन सकता है।
- सामान्यत: राष्ट्रपति उस व्यक्ति को किसी राज्य का राज्यपाल नियुक्त करता है जिसे केन्द्र सरकार के द्वारा नामांकित किया जाता है।
- राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति के विवेकाधिकार की शक्ति के अन्तर्गत नहीं आता है।

**106. [c]**

**व्याख्या :-**

- राष्ट्रीय विकास परिषद् (NDC) की स्थापना योजनाओं के निर्माण में राज्यों के योगदान हेतु अगस्त, 1952 में की गई। यह प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में भारत में विकास के मामलों पर निर्णय लेने और विचार-विमर्श के लिए शीर्ष निकाय है।
- इसके अध्यक्ष – भारत के प्रधानमंत्री होता है।
- राष्ट्रीय विकास परिषद में सदस्य- सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि और नीति आयोग के सदस्य।
- योजना के समर्थन में राष्ट्र के प्रयासों और संसाधनों को मजबूत करना और जुटाना, सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सामान्य आर्थिक

नीतियों को बढ़ावा देना और देश के सभी हिस्सों का संतुलित और तीव्र विकास सुनिश्चित करना।
- यह एक महत्वपूर्ण संगठन है जो देश की विकास प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बाध्य है।

**107. [d]**

**व्याख्या :-**
- अगस्त, 2020 में भारतीय प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'पारदर्शी कराधान-ईमानदार का सम्मान' (Transparent Taxation–Honoring the Honest) नामक एक प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य कर अनुपालन में ढील देना एवं रिफंड में तेज़ी लाना तथा ईमानदार करदाताओं को लाभ पहुँचाना है।

**108. [b]**

**व्याख्या :-**
- जब मांग और आपूर्ति में असंतुलन पैदा होता है तो वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ जाती हैं कीमतों में इस वृद्धि को मुद्रास्फीति कहते हैं। भारत में मुद्रास्फीति की गणना दो मूल्य सूचियों के आधार पर करता है- थोक मूल्य सूचकांक (WPI) एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)।
- जब कीमतों में एक साथ वृद्धि और आर्थिक विकास की स्थिरता की विशेषता वाली स्थिति को निस्पंद-स्फीति (स्टैगफ्लेशन) कहते है। इसे अर्थव्यवस्था में एक ऐसी स्थिति के रूप में वर्णित किया जाता है जहां विकास दर धीमी हो जाती है, बेरोज़गारी का स्तर लगातार ऊंचा रहता है।
- हेडलाइन मुद्रास्फीति, मुद्रास्फीति का कच्चा आँकड़ा है जो कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तैयार की जाती है। हेडलाइन मुद्रास्फीति में खाद्य एवं ईधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को भी शामिल किया जाता है।
- कोर मुद्रास्फीति जिसमें खाद्य एवं ईधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को शामिल नहीं किया जाता है।

**109. [c]**

**व्याख्या :-**
- बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक विकास हेतु जून, 2016 से मुख्यमंत्री राजश्री योजना लागू हुई। इस योजना का उद्देश्य लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देकर और उन्हें एक बेहतर भविष्य प्रदान करके उनके आर्थिक सशक्तिकरण में सुधार करना है।

**110. [d]**

**व्याख्या :-**
- राजस्थान में महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना (आईएम शक्ति) की शुरूआत 18 दिसंबर, 2019 से की थी।
- इंदिरा महिला शक्ति योजना के तहत उद्यम स्थापित करने में महिलाओं की सहायता की जाएगी तथा आधुनिक शोध के लिए सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा महिलाओं को जागरूकता पैदा करने के लिए कौशल विकास और शिक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**111. [b]**

**व्याख्या :-**
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले छोटे और सीमांत किसानों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों तथा मुक्त कराए बंधुआ मजदूरों के लिए बिना किसी खर्च के कुओं से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित जीवनधारा योजना शुरू की गई।

**112. [c]**

**व्याख्या :-**
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से कार्यान्वयन के लिये 12वीं योजना के दौरान राष्ट्रीय आयुष मिशन आरम्भ किया। इसका उद्देश्य लागत प्रभावी आयुष सेवाओं के माध्यम से आयुष चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देना, आयुर्वेद, सिद्ध, शिक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करना, यूनानी और होम्योपैथी औषधों के गुणवत्ता नियंत्रण के प्रवर्तन को सुविधाजनक बनाना। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत् जयपुर के प्रतापनगर में आयुर्वेद, होम्योपैथी व यूनानी का आयुष हॉस्पिटल खोला गया।

**113. [a]**

**व्याख्या :-**
- राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य विद्युत निगम लिमिटेड की स्थापना 19 जुलाई, 2000 को कंपनी एक्ट 1956 के अधीन की गई।
- इसे पाँच कपंनियों में बाँट दिया गया जो निम्न हैं –
  1. राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड
  2. राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
  3. अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
  4. जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
  5. जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

**114. [c]**

**व्याख्या :-**
- राजस्थान सरकार ने वर्ष 1989 में पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा प्रदान किया।
- पर्यटन को उद्योग का दर्जा मिल जाने से उद्योग को उपलब्ध होने वाली सुविधाएँ और छूट पर्यटन इकाइयों को भी उपलब्ध है।

**115. [a]**

**व्याख्या :-**
- प्रशिक्षण केन्द्र :- पुष्कर (अजमेर), सांगानेर (मानसरोवर, जयपुर), माउण्ट आबू (सिरोही)
- इन प्रशिक्षण केन्द्रों के संचालन हेतु राज्य सरकार से धनराशि उपलब्ध कराई जाती है।

**116. [d]**

**व्याख्या :-**
- घुड़सवार दिव्यकृति सिंह को अर्जुन पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया है।
- वे घुड़सवारी खेल में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं। साथ ही, दिव्यकृति पिछले पाँच वर्षों में अर्जुन अवॉर्ड पाने वाली राजस्थान की एकमात्र महिला हैं।
- उन्होंने चीन के हांग्जो में 2022 में आयोजित एशियाई खेलों में घुड़सवारी ड्रेसेज में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

**117. [c]**

**व्याख्या :-**

– ताज होटल्स समूह ने भारतीय पर्यटन, कला व संस्कृति को बढ़ावा देने और भारतीय विरासत के संरक्षण के लिए राजस्थान से डॉ. लक्ष्यराज सिंह को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। ये मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य हैं।

**118. [d]**

**व्याख्या :-**

– महिला स्वयं सहायता समूह को ड्रोन उपलब्ध कराने से संबंधित योजना की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2023 को की गई थी। राजस्थान में यह योजना 'नमो ड्रोन दीदी योजना' के नाम से शुरू की गई है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता की महिलाओं को खेती के लिए ड्रोन उपलब्ध कराई जाएंगे, जिससे वे ड्रोन द्वारा दवाई स्प्रे और बीजों की बुवाई कर सकेगी। इसके लिए महिला किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरुआत राजस्थान के कोटा जिले से की गई है।

**119. [a]**

**व्याख्या :-**

– हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. निष्ठा जसवाल को राज्यपाल कलराज मिश्र ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय जयपुर का कुलपति नियुक्त किया है।

**120. [b]**

**व्याख्या :-**

– हाल ही में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग (DoT) के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी-डॉट तथा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर ने "AI का उपयोग करके 5G और उससे आगे के नेटवर्क में स्वचालित सेवा प्रबंधन" के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते पर DoT के टेलीकॉम टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट फंड (TTDF) के तहत हस्ताक्षर किये गए हैं, जिसे ग्रामीण एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में किफायती ब्रॉडबैंड और मोबाइल सेवाओं को सक्षम करने के लिये प्रौद्योगिकी डिज़ाइन, विकास, दूरसंचार उत्पादों के व्यावसायीकरण तथा समाधान में कार्यरत घरेलू कंपनियों व संस्थानों को वित्त पोषण सहायता प्रदान करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**121. [b]**

**व्याख्या :-**

– 33वीं राष्ट्रीय सबजूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान टीम ने फाइनल में हरियाणा से पराजित होकर रजत पदक जीता है।

**122. [a]**

**व्याख्या :-**

– दुनिया में भारतीय होम्योपैथिक पद्धति को पहचान दिलाने वाले 91 वर्ष के डॉ. राधे श्याम पारीक (डॉ. आरएस पारीक) को पद्मश्री से नवाजा गया। वह 70 वर्ष से होम्योपैथी पद्धति से मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

– इनका संबंध राज्य के झुंझुनूं जिले से है।

**123. [b]**

**व्याख्या :-**

– 5वें 'ब्रेसिका सम्मेलन' का आयोजन राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा (जयपुर) में किया गया। इस सम्मेलन में देशभर से आए हुए लगभग 176 वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

**124. [d]**

**व्याख्या :-**

– सिंचाई जल की आपूर्ति की सुविधा के लिये राजस्थान के श्रीगंगानगर ज़िले में कृषि क्षेत्रों के लिये एक अनूठी डिजिटल जल वितरण प्रणाली शुरू की गई है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) जयपुर द्वारा विकसित नई प्रणाली किसानों को उनके खेतों तक पहुँचने वाले जल की स्थिति के बारे में जानने में सक्षम बनाएगी और मैन्युअल प्रणाली में अक्सर रिपोर्ट की जाने वाली मानवीय त्रुटि की गुंजाइश को कम करेगी।

**125. [a]**

**व्याख्या :-**

– आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर और थाईलैंड सरकार की सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के थाई पारंपरिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग ने नई दिल्ली में आयुर्वेद और थाई पारंपरिक चिकित्सा में एक अकादमिक सहयोग की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

**126. [c]**

**व्याख्या :-**

- मणिपुर कैडर के 1992 बैच के आईएएस अधिकारी राकेश रंजन को कर्मचारी चयन आयोग (SSC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**127. [b]**

**व्याख्या :-**

- हाल ही में 30 मई, 2024 को भारतीय राज्य गोवा ने अपना 37वाँ स्थापना दिवस मनाया है। 30 मई, 1987 को गोवा एक केंद्र शासित प्रदेश से हटाकर भारत संघ का 25वाँ राज्य बनाया गया था।

**128. [d]**

**व्याख्या :-**

- प्रति वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।
- विश्व तंबाकू निषेध दिवस- 2024 की थीम – 'प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रन फ्रॉम टोबैको इंडस्ट्री इंटरफेरेंस'

**129. [c]**

**व्याख्या :-**

– ताइवान एथलेटिक्स ओपन- 2024 में भारतीय एथलेटिक्स दल ने कुल 7 पदक जीते, जिसमें 3 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल है।

– डी.पी. मनु ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

– केरल की नयना जेम्स ने महिलाओं की लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीता।

– अंकेश चौधरी ने पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

- सोमनाथ चौहान ने पुरुषों की 800 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- देव मीना ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में 5.10 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता।
- नित्या रामराज ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता।
- वी.के. विस्मया ने महिलाओं की 400 मीटर में कांस्य पदक जीता।

**130. [c]**

**व्याख्या :-**

- भारत-उज्बेकिस्तान के मध्य संयुक्त सैन्याभ्यास डस्टलिक के 5वें संस्करण का आयोजन 15 से 28 अप्रैल, 2024 तक उज़्बेकिस्तान गणराज्य के टर्मेज़ में किया गया। यह अभ्यास एक वार्षिक कार्यक्रम है जो भारत और उज्बेकिस्तान में बारी-बारी आयोजित किया जाता है।
- इसका चौथा संस्करण फरवरी, 2023 में पिथौरागढ़ (भारत) में आयोजित किया गया था।

**131. [a]**

**व्याख्या :-**

- प्रेषिति शब्द का संधि-विच्छेद है– प्र + इषिति (अ + इ = ए, गुण स्वर संधि)

**132. [d]**

**व्याख्या :-**

- उपसर्ग के बारे में सत्य कथन निम्नलिखित हैं–
- ये शब्दांश होते हैं।
- ये मूल शब्द के प्रारम्भ में जोड़े जाते हैं।
- इनका अपना कोई स्वतंत्र अर्थ नहीं होता।
- ये जिस शब्द के साथ जोड़े जाते हैं उसके अर्थ को प्रभावित करते हैं।

**133. [c]**

**व्याख्या :-**

- अपादान तत्पुरुष समास में 'से' विभक्ति चिह्न का प्रयोग होता है तथा वाक्य में अलग होने का भाव होता है; जैसे–
  राज से द्रोह = राजद्रोह
  जन्म से उत्तर = जन्मोत्तर
  धर्म से विमुख = धर्मविमुख
- धर्मयुक्त करण तत्पुरुष समास का उदाहरण है। धर्मयुक्त का समास विग्रह है– धर्म से युक्त।

**134. [c]**

**व्याख्या :-**

- 'पीयूष' अमृत का पर्यायवाची है। अमृत के अन्य पर्यायवाची है– सुधा, अमिय, सोम, सुरभोग, अमि इत्यादि।
- आकाश के पर्यायवाची हैं– अन्तरिक्ष, अम्बर, नभ, व्योम, गगन, अनन्त इत्यादि।

**135. [c]**

**व्याख्या :-**

- कृश शब्द का विलोम है– 'स्थूल/पुष्ट'।
- तरुण का विलोम **–** वृद्ध
- क्षुद्र का विलोम **-** विराट

**136. [b]**

**व्याख्या :-**

- पहाड़ शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। शेष शब्दों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं– क्षार, झूठ तथा ढोलक।

**137. [b]**

**व्याख्या :-**

- मैंने हस्ताक्षर कर दिया। इस वाक्य में वचन संबंधी अशुद्धि है। इस वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार है– मैंने हस्ताक्षर कर दिए।
- सबसे हमारा प्रणाम कहना। इस वाक्य में कारक संबंधी अशुद्धि है। इस वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार है– सबको हमारा प्रणाम कहना।
- आप भोजन खाएँगे? इस वाक्य में क्रिया संबंधी अशुद्धि है। इस वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार है– आप भोजन करेंगे?
- उसकी आँख में आँसू बह रहे थे। इस वाक्य में कारक संबंधी अशुद्धि है। इस वाक्य का शुद्ध रूप इस प्रकार है– उसकी आँख से आँसू बह रहे थे।

**138. [c]**

**व्याख्या :-**

- नैऋत्य – दक्षिण-पश्चिम के बीच की दिशा
- ईशान – उत्तर-पूर्व के बीच की दिशा
- आग्नेय – पूर्व-दक्षिण के बीच की दिशा
- वायव्य – पश्चिम-उत्तर के बीच की दिशा

**139. [b]**

**व्याख्या :-**

- Delimitation – परिसीमन
- Motion – प्रस्ताव
- Corrigendum – शुद्धिपत्र
- Decorum – शिष्टाचार

**140. [c]**

**व्याख्या :-**

- रिक्त स्थान के लिए सही मुहावरा है– थाली का बैंगन होना। जिसका अर्थ होता है– लाभ-हानि देखकर पाला बदलना।
- आज के जमाने में स्वार्थपरता बढ़ जाने के कारण कुछ लोग थाली के बैंगन बन जाते हैं।

**141.[d]**

**Explanation :-**

- Issuing a warning to a subordinate

**142. [a]**

**Explanation :-**

- Use 'believe' in place of 'am believing'.
- If the verbs are non-continuous, we should use the 'Simple Present Tense' in place of the 'Present Continuous Tense'.
- Non-Continuous Verbs: - see, need, know, seem, taste, think, love, hate, believe, understand, hear etc.

**143. [c]**

**Explanation :-**

- Fury/Anger – उन्माद/अत्यधिक क्रोध
- Sin - पाप-कर्म
- Risk - जोखिम
- Crime – अपराध

**144. [a]**

**Explanation :-**

- Bring to light – make or become widely known or evident; reveal; disclose. (स्पष्ट करना, प्रकाश में लाना)
- eg. Her research has brought to light new information about Mohan's early life.

**145. [d]**

**Explanation :-**

- Question-Tag को छोड़ दीजिए।
- Reporting Verb को tell/ask/request में बदल दें और इनके बाद to+verb (infinitive) का प्रयोग कीजिए।

**146. [b]**

**Explanation :-**

- if subordinate clause starts with if, till, as soon as, when, unless, before, until, even if as etc and principal clause is in future then subordinate clause will be in present indefinite tense.

**147. [b]**

**Explanation :-**

- यदि Reported speech की शुरूआत Wh word से होती है, तो Indirect speech में बदलने के लिए दोनों भागों को उसी wh word से जोड़ा जाता है।

| Direct | | Indirect |
|---|---|---|
| Said | → | asked |
| Connective | → | Wh word |
| Past Simple Tense | → | Past Perfect Tense |

**148. [c]**

**Explanation :-**

- Or – before an alternative.

**149. [d]**

**Explanation :-**

- The world keeps its book with care because good books have always helped a man in various spheres of life.

**150.[b]**

**Explanation :-**


- Because books contain great ideas that continue to live in the minds of the people.

♦♦♦♦

# मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी

## जब करेंगे लक्ष्य एप के संग तैयारी

मौका है, अपनी तैयारी को सिलेक्शन वाली तैयारी बनाने का




Scan to Download Lakshya App Now

Google play

**LIVE FROM CLASSROOM**

ONLINE/OFFLINE COURSE

Test Series | Recorded Courses | Downloadable Classes | Free Quizzes | Video & Audio Lecture | Previous Year Paper | Free Current Affair | Doubt Solving Session

RAS Pre
SI दोनों प्रश्न पत्रों की सम्पूर्ण तैयारी
स्कूल व्याख्याता I Grade Ist Paper/2nd Paper
शिक्षक II Grade Ist Paper/2nd Paper
शिक्षक मुख्य परीक्षा
REET LEVEL I & II पात्रता परीक्षा
LAB ASSISTANT
BSTC PTET
संगणक
पशु परिचर
FORESTER
CONSTABLE
BANKING ASSISTANT
पटवार
LDC
CET 2024
WOMAN SUPERVISOR



INSTAGRAM | FACEBOOK | YOUTUBE | TELEGRAM

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज TM

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)

M. 6376957258, 6376491126